4 रायपुर संभाग
सबका साथ और विश्वास से भाजपा परिवार आगे बढ़ेगा...

6 अभिमत
भारत में कौशल विकास जरूरी

09 विविध
सैप्सिस : खामोशी से मारने वाला एक रोग..

10 संस्कारधानी
साढ़े 3 करोड़ की ठगी को विदेश से अंजाम दिया...


रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 13 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-24 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुर्मु और शाह ने येचुरी के निधन पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश में लिखा, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। पहले एक छात्र नेता के रूप में और फिर राष्ट्रीय राजनीति में और एक सांसद के रूप में, उनकी एक विशिष्ट और प्रभावशाली आवाज थी। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी, उन्होंने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर मित्र बनाए। उनके परिवार और सहकर्मियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण की बात 'काल्पनिक' : भारत



**नई दिल्ली।** सरकार ने बंगलादेश की अंतरिम सरकार की ओर से देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोध की रिपोर्ट को 'काल्पनिक' करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में हसीना को प्रत्यर्पित किये जाने संबंधी ढाका से आ रहीं रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा, हमने पहले भी हा है कि ये सवाल काल्पनिक है। जहां तक हसीना की स्थिति सवाल है तो बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बहुत कम समय के नोटिस पर सुरक्षा के संदर्भ में यहां आयीं थीं। इससे अधिक हमें कुछ नहीं कहना है।

### रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों पर गिरी गाज

**रायपुर।** एसीबी की टीम ने अलग-अलग जिलों में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पहले मामले महासमुंद जिले का है जहां सरायपाली के उप पंजीयक कार्यालय में उप पंजीयक पुष्पलता लिली बेक को 26 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उप पंजीयक 5 एकड़ जमीन रजिस्ट्री के ऐवज में वीरेंद्र पटेल से रिश्वत ले रही थीं। उन्हें पकड़कर राजधानी रायपुर ले जाया गया है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में मनरेगा लोकपाल वेदप्रकाश पांडेय पर कार्रवाई की गई है। एसीबी की टीम वेदप्रकाश पांडेय से पूछताछ कर रही है। गौरेला जनपद पंचायत में एसीबी की 10 सदस्यीय टीम मौजूद है।

# संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं का निराकरण करें अफसर : विष्णु देव साय

## अधिकारियों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार पर सीएम ने जताई सख्त नाराजगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में दो दिवसीय कलेक्टर कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीते 9 महीने में मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश को संवारने की दिशा में प्रयास किया गया है, किन्तु विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सबको और अधिक कठिन परिश्रम करना होगा। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि शासन की योजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित की जाए और इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी फ्लैगशिप योजनाओं में सैचुरेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें। उन्होंने कुछ जिलों में आम जनता और स्कूली छात्रों से शासकीय अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और सहृदयता के साथ आम जनता की समस्याओं को सुने और उसका यथासंभव शीघ्र निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों की भाषा-शैली मर्यादित होनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों को जनसामान्य से संयमित लहजे में बातचीत करने की हिदायत दी और कहा कि यदि आपके अधीनस्थ अधिकारी भाषा संयम न रखें, तो उन पर तत्काल सख्त कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि स्थानीय स्तर की समस्याएं वहीं निपटे, छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर लोगों को राजधानी न आना पड़े। इस बात का ध्यान जिला प्रशासन को रखना चाहिए। जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान में लाई गई जन समस्याओं के त्वरित निदान के लिए प्रभावी कदम उठाएं जाएं। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान साफ तौर पर कहा कि इस विभाग का आम लोगों और किसानों से ज्यादा वास्ता है। राजस्व के प्रकरणों का निराकरण बिना किसी लेट-लतीफी के किए जाने से शासन-



प्रशासन की छबि बेहतर होती है। उन्होंने अधिकारियों को जनसामान्य की भूमि संबंधी छोटी-छोटी त्रुटियों एवं समस्याओं का निदान पूरी संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सारंगढ़-बिलाईगढ़, बस्तर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में राजस्व मामलों के निराकरण की धीमी गति पर अप्रसन्नता जताई। उन्होंने जिलेवार कलेक्टरों से अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे जिले जिनकी प्रगति 70 प्रतिशत से कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित बटवारा के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हो। सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी कमिश्नरों को अधीनस्थ जिलों का नियमित दौरा कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को प्रधानमंत्री ने अभी पीएम आवास के अंतर्गत 8 लाख 46 हजार 931 आवासों को स्वीकृति दी है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पीएम आवास का काम काफी पिछड़ गया था। हमें तेजी से इस पर काम करना है। यह सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इसके साथ ही हमने चिन्हांकित किये गये लगभग 47 हजार आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने का निर्णय भी लिया है। इस पर भी जुट कर काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वच्छता सर्वे अभी चल रहा है। छत्तीसगढ़ के गांव और ग्राम पंचायतें स्वच्छता सर्वे को सभी मानदंडों को पूरा करती हों, इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत हैं। मनरेगा रोजगार सृजन का सबसे अच्छा माध्यम है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोगी अधोसंरचनाएं तैयार करें। मनरेगा में भुगतान संबंधी दिक्कतों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन कम होने पर बस्तर कलेक्टर पर नाराजगी जतायी।

## महत्वपूर्ण पद पर कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का ज्ञान नहीं : धनखड़

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है और संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय है। धनखड़ ने आज यहां संसद भवन परिसर में राज्यसभा सचिवालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। उन्होंने कहा, यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे व्यक्ति स्वतंत्रता का मूल्य नहीं समझते। वे यह नहीं समझते कि इस देश की सभ्यता 5000 वर्ष पुरानी है।

## फूलों का गुलदस्ता, मिठाई और नोटों का पैकेट, सीमेंट कंपनी का अफसर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बरगढ़
www.dailypioneer.com

देशभर अफसरों से मिलना और बड़ा सा गुलदस्ता देना एक परम्परा बन चुकी है। वैसे तो यदि कोई सामान्य नागरिक, ठेकेदार किसी अफसर के पास खाली हाथ जाए तो उसका वजन कम आंका जाता है। लेकिन यहां पर कलेक्टर साहब ने वजन आंकते हुए एक सीमेंट कंपनी के अफसर को जेल भेजवा दिया। हालांकि देश में इस तरह के मामले बिरले ही देखने को मिलते हैं। दरअसल में एक सीमेंट कंपनी के पूर्व मुख्य विनिर्माण



अधिकारी रामभव गट्टू को कलेक्टर को फूलों के गुलदस्ता के साथ नोटों का पैकेट देने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गटटू जिला कलेक्टर से मिलने उनके कार्यालय गया था। मुलाकात के दौरान गटटू ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और मिठाई का पैकेट दिया। कलेक्टर ने अपने चपरासी को पैकेट खोलने को कहा, जिसमें 500 रुपये के नोटों के चार बंडल मिले। इसलिए गटटू को हिरासत में लिया गया और सतर्कता अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर सतर्कता दल वहां पहुंचा और 2 लाख रुपये की नकदी से भरा पैकेट जब्त कर लिया। वास्तव में गुलदस्ते देने वाले लाईजनरों, ठेकेदारों के पैकेट की यदि ऐसी ही जांच अन्य जिलों में भी की जाने लगे तो सिस्टम में आंशिक सुधार की गुंजाइश बन सकती है।

## मोदी ने पैरालंपिक खिलाड़ियों से की मुलाकात



वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और बातचीत कर उनके खेलों के अनुभव को जाना। इस दौरान पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने मोदी को अपनी-अपनी ओर से टी-शर्ट, जूते और तीर जैसी चीजें उपहार स्वरुप भेंट की। पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीर भेंट किया।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा सूर्यकांत को आईजी ने धमकाया, उनके परिवार को तबाह करने की धमकी दी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जेल में विधायक देवेन्द्र यादव और सूर्यकांत से मिलने पहुंचे। मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि अधीक्षक के कार्यालय में छुट्टी के दिन बुलाकर विचाराधीन कैदी से आईजी मिल सकता है, उसको धमका सकता है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री और जो वर्तमान विधायक भी है वो आवेदन दिया है कि सूर्यकांत तिवारी से मिलना चाहता हूं, लेकिन अधीक्षक ने मिलने नहीं दिया। कहते है ऊपर से परमिशन लेना होगा। ऊपर से परमिशन का क्या मतलब होता है। वकील रिजवी साहब है उनसे मुलाकात हुई लेकिन मुझे मिलने नहीं दिया गया। मेरी मुलाकात विधायक देवेंद्र यादव से हुई, उन्होंने मुझे बताया कि वह सूर्यकांत तिवारी के बगल में ही जेल में है। सूर्यकांत को आईजी ने खुद धमकाया है उनके परिवार को तबाह करने की धमकी दिया है। इसीलिये उसने कोर्ट में आवेदन दिया है। जो षड्यंत्रकारी है वो बुला कर मिल सकते है। लेकिन जिसको फसाने के लिये षडयंत्र किया जा रहा है उनसे मिलना चाहते है लेकिन उनको मिलने नहीं दिया गया। कब तक नहीं मिलने नहीं देंगे? सूर्यकांत तिवारी पिछले दो सालों से जेल में बंद थे। 1 साल से मैं मुख्यमंत्री था लेकिन कभी मिलने नहीं आया और तक नहीं मिला। लेकिन पहले शासन में था तब मिला और न सरकार से हटने के बाद। ऐसा समाचार सामने आया कि मेरे नाम से सूर्यकांत के द्वारा आवेदन दिया गया है कि पैसा भूपेश बघेल को दिया जाता, ऐसा कहने के लिये दबाव बनाया जा रहा। जब सूर्यकांत ने कोर्ट में लिख कर दिया तो मेरी जिम्मेदारी बनती है कि बात क्या है पता करना, वो ऐसा आवेदन क्यों दिया जानने के लिये मैं यहां आया था। लेकिन यहां भी अडंगा। जो जेल अधीक्षक है वो अड़ंगा डाल रहे है। किसी भी कैदी से मिलना है तो अधीक्षक से परमिशन ले सकते है लेकिन मिलने भी नहीं दिया गया। कब तक रोकेंगे? मैं फिर यहां आउंगा और आवेदन करूंगा।

## पीएम आवास योजना के लिए 2,583 करोड़ रुपये जारी

**रायपुर।** वित्त विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 2,583.98 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह राशि हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में 15 सितंबर को उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत केंद्र सरकार से 8 लाख 46 हजार 931 आवास की स्वीकृति मिली है। इसके लिए केन्द्र सरकार से 1,550.39 करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों के लिए स्वीकृत ग्रामीण आवासों की प्रथम किश्त के रूप में विमुक्त की गई है, जबकि राज्यांश के रूप में 1,033.59 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके लिए वित्त विभाग ने पहली किस्त के लिए 2583 करोड़ 98 लाख रुपए पंचायत विभाग को जारी कर दिए हैं। पीएम आवास योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवारों को गुणवत्ता युक्त आवास उपलब्ध कराना है। वित्त विभाग से जारी की गई इस बड़ी राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण की गति तेज होगी।

### कुऐमारी एलओएस कमांडर सहित 4 ईनामी नक्सलियो ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर।** विचारधारा, शोषण, अत्याचार, हिंसा से तंग आकर सी.पी.आई. माओवादी संगठन उत्तर बस्तर डिवीजन के अंतर्गत कुऐमारी एरिया कमेटी में सक्रिय नक्सली जिन पर शासन की ईनाम पॉलिसी के तहत् उक्त 02 माओवादी सदस्यों पर 05-05 लाख एवं 02 माओवादी सदस्य पर 01-01 लाख रुपये का ईनाम घोषित है। 12 सितंबर को के.एल.ध्रुव, हरिन्दर पाल सिंह, डीआईजी बीएसएफ एवं आई. के. एलिसेला एसएसपी कांकेर के समक्ष आत्मसमर्पण करने पर प्रोत्साहन राशि 25-25 हजार रुपये प्रदान किया गया। इस अवसर पर संदीप पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर 57 जिलों में विद्यालय खोलेगी। मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जिलों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं और शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किया। योगी ने कहा श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा। वहीं, जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है। ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं।

### तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं

## 'तरंग शक्ति' अभ्यास से भागीदार देशों के साथ सहयोग और विश्वास मजबूत हुआ : राजनाथ

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' को भागीदार देशों के साथ सहयोग, समन्वय और विश्वास को मजबूत करने का अवसर करार दिया है।

सिंह ने जोधपुर में बहुराष्ट्रीय अभ्यास के दूसरे चरण के मौके पर कहा कि तरंग शक्ति के माध्यम से भारत ने सभी भागीदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया है तथा उनमें विश्वास पैदा किया है कि जब भी जरूरत होगी हम सब एक साथ खड़े होंगे। सह-अस्तित्व और सहयोग के भारत के दृष्टिकोण को दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, हमारा देश सभी देशों को एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ने में विश्वास रखता है। जब इतनी जटिलता और बड़े पैमाने का अभ्यास होता है, तो विभिन्न कार्य संस्कृतियों, हवाई युद्ध के अनुभव और युद्ध लड़ने के सिद्धांतों वाले सैनिक



एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, आज का ऐतिहासिक कार्यक्रम भारतीय वायु सेना की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है। हम न केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, बल्कि इस बात पर भी गर्व कर रहे हैं कि हमारे सशस्त्र बलों को अब दुनिया में सबसे शक्तिशाली में से एक माना जा रहा है। सिंह ने कहा कि आजादी के समय भारतीय वायु सेना के पास दो प्रकार के विमानों के केवल छह स्क्वाड्रन थे। इसी प्रकार युद्ध के बाकी उपकरण भी न केवल पुराने थे बल्कि संख्या में भी सीमित थे। लेकिन आज, दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ और आधुनिक विमानों और अगली पीढ़ी के उपकरणों से सुसज्जित, भारतीय वायु सेना ने खुद को बदल दिया है। फ्रांसीसी कंपनी सफरान हेलीकॉप्टर इंजन के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हाल के सहयोग का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने खुद को केवल हथियारों और उपकरणों के आयातक से एक ऐसे देश में बदल दिया है जो आज लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है। उन्होंने कहा,घरेलू रक्षा क्षेत्र ने हथियारों, प्लेटफार्मों, विमानों आदि के विनिर्माण में स्वदेशीकरण की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। आज हम हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, रडार के निर्माण और कार्यान्वयन में काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गए हैं। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी अभ्यास तरंग शक्ति में विशिष्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, वरिष्ठ सैन्यकर्मियों तथा मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में अग्निवीर वायु महिला ड्रिल टीम के साथ साथ लड़ाकू विमान तेजस और प्रचंड और सारंग हेलिकॉप्टर ने अपने करतब दिखाये। रक्षा मंत्री ने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय रक्षा और एयरोस्पेस एक्सपो का उद्घाटन किया जिसमें स्वदेशी रक्षा विनिर्माण और एयरोस्पेस नवाचार के लिए भारत की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गयी।

## विद्युत कंपनियों में आईआर की जगह अब लागू होंगे आईडी एक्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की तीनों विद्युत कंपनियों में अब छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (आईडी एक्ट) प्रभावशील होगा।

**पावर कंपनी ने जारी किया परिपत्र, राजपत्र की प्रकाशन तिथि से होगा लागू**

इसके पूर्व कंपनी में छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (आईआर एक्ट) लागू था। राज्य शासन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद इसे विद्युत कंपनियों ने लागू कर दिया है। उक्त संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ने परिपत्र जारी किया है। 11 सितंबर को जारी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग व्दारा जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 के उपबंध में वर्णित उद्योगों की अनुसूची में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण उद्योग आते हैं, इस अधिनियम के स्थान पर अब 22 मार्च 2024 से औद्योगिक विवादों का निपटारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 में दिये गए प्रावधानों के अनुरूप होंगे। पूर्व में श्रम न्यायालय, औद्योगिक न्यायालय में दायर तथा लंबित प्रकरणों में कार्यवाही पूर्ववत् औद्योगिक संबंध अधिनियम के अनुसार की जाएगी।

## मोदी सरकार के 95 दिन के कार्यकाल का अंजाम भुगत रहा है देश : खड़गे

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल के पिछले 95 दिन में जो कुछ करगुजरियां रही हैं देश उनका खूब अंजाम भुगत रहा है। खडगे ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा नरेंद्र मोदी जी आपने चुनाव के पहले ही 100 दिनों के एजेंडा का ढिंढ़ोरा ज़ोर-शोर से पीटा था। अब 95 दिन हो गए हैं और आपकी मिली-जुली सरकार डगमगा रही है। उन्होंने सरकार की 95 दिन के कामकाज का जिक्र करते हुए कहा थोड़ा रिकैप हो जाए - ग़रीब व मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने के लिए आपकी सरकार जनविरोधी बजट लाई। जम्मू-कश्मीर, ख़ासकर जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, सेना के कई बहादुरों को शहादत देनी पड़ी। गत 16 महीनें से मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी ने वहां मुड़ कर भी नहीं देखा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा मोदी अडानी महाघोटाले में जो सेबी चेयरपर्सन की भूमिका और अन्य आर्थिक लेन-देन सामने आएं हैं, उससे भाजपा पीछा नहीं छुड़ा सकती। नीट पेपर लीक घोटाला हो या भयंकर बेरोज़गारी के भगदड़ भरे दृश्य, मोदी सरकार ने युवाओं को हर दिन धोखा ही दिया। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हो, या हवाई अड्डों की छत, नई संसद हो या अयोध्या में भगवान का मंदिर, ईवे, पुल, सड़क, सुरंग जो भी बनाने का दावा किया, सब में खामियाँ निकली। रेल सुरक्षा भी तार-तार हो गई है। कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात हैं और राज्यों को पर्याप्त बाढ़ राहत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा जनता और इंडिया गठबंधन के दलों के चलते आपको वक़्फ़ बिल जेपीसी के हवाले करना पड़ा, यूपीएस वाला 'यू' टर्न लेना पड़ा, लेटरल एंट्री पर संविधान का साथ देना पड़ा।

# ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रमों का हो सफल आयोजन : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने बस्तर दशहरा पर्व के आयोजन के सम्बंध में की समीक्षा, 15 अक्टूबर को मुरिया दरबार का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो कि 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा। यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय को इस



दौरान बस्तर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इसमें तिथिवार विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें बताया गया कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 15 अक्टूबर 2024 को मुड़िया दरबार का आयोजन होगा। इसी तरह बस्तर दशहरा को भव्य रूप देने के लिए बस्तर मड़ई, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट, एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम, बस्तर टूरिस्ट सर्किट, दसरा पसरा, नगरगुड़ी टेंट सिटी, टूरिज्म ट्रेवलर्स आपरेटर मीट, देव सराय, स्वच्छता पखवाड़ा जैसे विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बस्तर दशहरा पर्व में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष यात्री बसों के संचालन के सम्बंध में भी चर्चा की गई। 4 अगस्त को पाट जात्रा पूजा विधान से शुरू हुए ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व 2024 के अंतर्गत 2 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान, रेलामाता पूजा विधान। 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा विधान, रथ परिक्रमा पूजा विधान। 12 अक्टूबर को मावली परघाव विधान, 15 अक्टूबर को काछन जात्रा पूजा विधान और मुरिया दरबार, 16 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान, 19 अक्टूबर को मावली माता जी की डोली की विदाई पूजा विधान आयोजित है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कई अभिनव पहल की जा रही है। द बस्तर मड़ई के अंतर्गत बस्तर की प्राकृतिक सौन्दर्य, एतिहासिक एवं पुरातत्विक स्थलों, एडवेंचर स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों से पर्यटकों को अवगत कराने के लिए प्रशासन द्वारा द बस्तर मड़ई की अवधारणा तैयार की गयी है। बस्तर मड़ई के अंतर्गत 21 सितम्बर को सामुहिक नृत्य कार्यक्रम, 21 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक बस्तर हाट-आमचो खाजा, 24 सितम्बर को सिरहासार परिसर मैदान में बस्तर नाचा, 27 सितम्बर को पारंपरिक लोक संगीत, 29 सितम्बर को बस्तर की कहानियां एवं हास्य कवि सम्मेलन, 30 सितम्बर को बस्तरिया नाचा जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 2 अक्टूबर से बस्तर दशहरा 2024 की समाप्ति तक बस्तर के पारंपरिक व्यंजन के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप तथा विधायक द्वय किरण सिंहदेव व लता उसेंडी और मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानन्द, बसवराजू एस, राहुल भगत और सचिव अन्बलगन पी, आयुक्त बस्तर डोमन सिंह, बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम,

### मुरिया दरबार

गौरतलब है कि मुरिया दरबार में विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रमुख, नेता और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर संस्कृति, परंपरा और प्रथाओं को सहेजने और सामुदायिक मांग तथा समस्याओं पर विचार करते हैं। इस वर्ष 15 अक्टूबर 2024 को मुरिया दरबार का आयोजन किया जायेगा। मुरिया दरबार आयोजन के 10 दिन बाद बस्तर संभाग के मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरीन, पुजारी, कोटवार, पटेल, मातागुड़ी के मुख्य पुजारियों का सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वार्ड 58 में 41 लाख एवं वार्ड 62 में 1 करोड़ 4 लाख के नए विकास कार्यों का भूमिपूजन कर दी शानदार सौगात



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम रायपुर के जोन 6 के अंतर्गत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 में सरजूबांधा तालाब सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर नये विकास कार्यो एवं शीतला मंदिर क्षेत्र में जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो हेतु 1 करोड 4 लाख की स्वीकृत लागत से नये विकास कार्यो का भूमिपूजन श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पार्षद चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेताप्रतिपक्ष सुभाष तिवारी सहित गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, जोन 6 अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ करवाया। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 में गोडवाना समाज भवन के नवीन निर्माण से संबंधित कार्यो एवं अन्य स्थानों पर नये विकास कार्यो का 41 लाख रू. की स्वीकृत लागत से श्रीफल फोडकर, कुदाल चलाकर कार्यारंभ कर नागरिको को शानदार सौगात दी। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सरजूबांधा तालाब पार में नगर निगम रायपुर के स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत नीम प्रजाति का पौधा रोपित कर समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी नागरिको से नगर को सुन्दर व हरा भरा बनाने एक-एक पौधा मां के नाम रोपित कर उसकी सुरक्षा व देखभाल उसके वृक्ष बनते तक अपनी संतान की भांति करने का प्रण लेने


स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CITY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।


## भाजपा की सदस्यता अभियान पर संगठन मंत्री जामवाल और पवन साय ने ली प्रभारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली बैठक में संभाग स्तरीय अनुराग देव सिंह की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष,जिला संयोजक और जिले के सदस्यता प्रभारियों से जिलेवार सदस्यता अभियान की जानकारी ली गई बैठक सदस्यता को लेकर सभी जिलाध्यक्षों ने वृत्त प्रस्तुत किए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान की प्राथमिकता को हमे गंभीरता से लेना होगा इसके बल पर ही हम देश की पहली बड़ी पार्टी बने हुए हैं पार्टी ने इसे सदस्यता महापर्व का नाम दिया है अतः अन्य त्योहारों की भांति हम इस संगठन महापर्व में भी उत्साह के साथ भाग लेंगे पूरे छत्तीसगढ़ में 60



लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं इसे पूरा करने सुनियोजित ढंग से कार्यवाही जानी चाहिए। यहां पर अपने संगठन कौशल का परिचय देना होगा प्रतिदिन के हिसाब से सदस्यता का एक लक्ष्य तय कर उसकी मॉनिटरिंग की जाए हारे हुए बूथों को चिन्हांकित कर ऐसे बूथों में श्रेष्ठ प्रबंधन कुशल कार्यक्रताओं को जिम्मेदारी दे और जीते हुए बूथों में प्राप्त मतों का 75% सदस्य बनाए जाने की योजना बनाई गई है ज्यादा से ज्यादा सदस्य बने अतः सामाजिक प्रमुखों, स्वसहायता समूहों, अधिवक्ता संगठन, डॉक्टर संगठन, युवा टीम उद्योगपतियों से संपर्क स्थापित करे छोटे छोटे लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करें। प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने आवश्यक बिंदुओं पर ध्यानाकर्षण लाते हुए बताया मंडलवार योजना बना कर प्रभावी कार्यक्रताओं को काम पर लगाएं सदस्यता प्रभारी मंडल प्रभारी और सदस्यता सहायकों की प्रवास की व्यवस्था प्रवास क्षेत्र में न्यूनतम 10 से 12 घंटे समय दे। दैनिक समीक्षा के संत सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार की समुचित व्यवस्था हो 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर हर बूथों में मोर बूथ मोर अभियान 29 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में मन की बात सदस्यता अभियान के साथ 17 सितंबर से 2 अक्तूबर सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता से सदस्यता की ओर जैसे अभियान चला कर सदस्यता पर्व को गति देना है।

## भाजपा सदस्यता अभियान विधानसभा स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान 2 सितंबर से शुरू हो चुका है, इसी कड़ी में भाजपा सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक सदस्य बनाने बसना नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी,आरंग विधायक एवं सदस्यता अभियान प्रभारी खुशवंत साहेब, बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल, जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए। सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय



के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंचासीन पदाधिकारियों का पुष्पहार एवं भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेना है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता सामर्थ्यवान है, वह जो ठान लेता है उसे पूरा करके ही रहता है। हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को भाजपा का सदस्य बनाने के लिए काम करना है ताकि कोई भी व्यक्ति राष्ट्र के विकास में योगदान देने से

## संभागायुक्त ने नशे के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को सुनाई 3 माह की सजा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार नशे के कारोबार से जुड़े मामलों में संभाग आयुक्त महादेव कांवरे ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को तीन-तीन महीने की कारावास की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई बलौदाबाजार-भाठापारा जिले से संबंधित दो प्रकरणों में की गई, जिसमें पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ इस्तगासा पेश किया गया था। सजा पाने वाले आरोपी सिमगा के भवानी नगर निवासी एजाज खान और भैंसापसरा के ज्वाला चतुर्वेदी हैं, जिनके खिलाफ बलौदाबाजार-भाठापारा पुलिस अधीक्षक ने अवैध स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थों के व्यापार का मामला दर्ज किया था। जांच में इन दोनों आरोपियों के नशे के कारोबार में शामिल होने की पुष्टि होने के बाद आयुक्त ने यह सजा सुनाई। आयुक्त कांवरे ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों की अवैध गतिविधियों से समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और ऐसे लोगों का समाज में रहना खतरनाक हो सकता है। यह निर्णय राज्य में नशे के कारोबार पर एक सख्त और प्रभावशाली कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

## मंत्री राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर में वजन त्यौहार का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर से वजन त्यौहार 2024 का शुभारंभ किया। महिला एवं बाल विकास परियोजना सिलफिली के सेक्टर पार्वतीपुर के आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर से वजन त्यौहार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 23 सितंबर तक वजन त्यौहार कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसकी शुरूआत आज से राज्य के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई। सूरजपुर जिले के बीरपुर आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष तौर से ध्यान देना चाहिए। उन्हें संतुलित तथा पौष्टिक आहार का सेवन कराएं, ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा एवं वजन संतुलित हो। इस दौरान मंत्री राजवाड़े ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने स्कूल की बच्चियों की एनीमिया जांच की जानकारी ली और स्वयं का स्वास्थ्य जांच भी कराया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राज्य में वजन त्यौहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन 12 से 23 सितंबर 2024 तक किया जाना है, जिसमें शून्य से 06 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं ऊंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस दौरान उनके कुपोषण के स्तर की भी जांच की जाएगी। वजन त्यौहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन कर शत-प्रतिशत रूप में सुपोषित करना है।

## कानून व्यवस्था तथा बलौदाबाजार मामले में गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार आगजनी एवं लचर व बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, वहीं अपनी नाकामी को छिपाने लगातार सरकार प्रशासन का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टी को निशाना बना रही है, तत्संबंध में निम्न बिंदुओं पर कार्यवाही हेतु आपका ध्यानाकार्षण करना चाहते हैं। बलौदाबाजार जिले में घटित पूज्य जैतखाम को काटे जाने मामले में सतनामी समाज को न्याय नहीं मिला है, जो कि अत्यंत गंभीर विषय है, साथ ही कलेक्टर परिसर में घटित आगजनी की भयावह घटना घोर प्रशासनिक चूक व सरकार के उदासीनता का नतीजा था।



कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा एवं अन्य कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं के खिलाफ बिना किसी साक्ष्य विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर द्वेषपूर्वक जेल भेज दिया गया, जिसके बाद पुलिस द्वारा ना ही कार्यवाही आगे बढ़ाई गई, ना आज पर्यन्त कांग्रेसजनों एवं सतनामी समाज के निर्दोष गिरफ्तार किये गये लोगों का चालान पेश किया गया है। जबकि सभा स्थल पर दोनों राजनैतिक दल सहित सतनामी समाज के नेता उपस्थित थे, लेकिन भाजपा समर्थित पीएचई ठेकेदार अजगल्ले एवं भाजपा के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी, नेताओं की भूमिका संदिग्ध रही है, पूज्य जैतखाम को काटे जाने को लेकर, सभा स्थल में भोजन व्यवस्था, टेंट व्यवस्था इनके द्वारा की गई, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक इस दिशा को दबाए रखने का काम किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में महिलाओं से जुड़े अपराध, सामूहिक दुष्कर्म, अनाचार, स्कूली छात्राओं के साथ छेड़छाड़, नाबालिग बच्चियों का लैंगिक शोषण, जैसी घटनाए लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रदेश की महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं ऐसे भी प्रकरण सामने आ रहे हैं, जहां पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस मामले में लीपापोती करती है, बल्कि घटना को दबाए जाने दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी हॉस्टल, छात्रावास भी बच्चियों के लिए सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर व बदहाल हो चुकी है, सरकार के संरक्षण में रेत माफिया, शराब कोचिया, प्रदेश भर में सक्रिय हैं, जिससे ग्रामीण व वनांचलों में भी दहशत का माहौल है, प्रदेश में चैन-स्नेचिंग, डकैती, चाकू-बाजी, गोलीबारी, हत्या, मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। प्रदेश में अंतरराज्यीय गिरोह अपना पैर पसार रहे हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार पूरी तरह नाकाम है। वहीं सरकार द्वारा हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही करने हेतु फर्जी एफआईआर दर्ज किए




# सबका साथ और विश्वास से भाजपा परिवार आगे बढ़ेगा जिससे विकसित सुसंस्कृत राष्ट्र की नई बुनियाद गढेगा भारत : रंजना साहू

## भाजपा का प्रत्येक सदस्य सदस्यता अभियान मुहिम को घर.घर पहुंचाएंगे-हेमंत माला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत आमदी में भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान.2024 के तहत आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक रंजना साहू ने लोगों से मुलाकात कर उन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं अधिक से अधिक लोगों को भाजपा सदस्यता लेने का आव्हान किए। धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत आमदी में भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान.2024 के तहत हो रहे आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने लोगों से मुलाकात कर उन्हे भाजपा की सदस्यता अभियान में सदस्य बनायी एवं नगर भ्रमण कर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा सदस्यता लेने, कार्यकर्ताओं से पूरी लगन से सदस्यता अभियान में मेहनत करने आव्हान किए। रंजना साहू ने कहा कि सबका साथ और विश्वास से, भाजपा परिवार आगे बढ़ेगा विकसित और सुसंस्कृत राष्ट्र की नई बुनियाद गढेगा। देश को सुखी, समृद्ध और संपन्न बनाना, आतंक व भ्रष्टाचार से मुक्त करना और देश को विश्व गुरु बनाना यही हमारे उद्देश्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में भारत आगे चल रहा है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मोदी सरकार के 10 साल देश सेवा में समर्पित होकर भारत देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। देश के लिए सदैव समर्पित मोदी सरकार रही है। विकसित भारत के संकल्प पूर्ति के लिए मैं भाजपा की सदस्य बनी हूं वैसे ही आप सभी शीघ्र सदस्य बनकर भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला ने बताया कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य सदस्यता अभियान मुहिम को घर.घर पहुंचाएंगा जिससे अधिक से अधिक भाजपा का सदस्य बन सकें। नगर के सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष तेजराम साहू, नारायण मटियारा ,दीनदयाल साहू,असरू साहू , हेमनू पांडे,सुरेश साहू ,प्रेमशंकर साहू ,जागेश्वर साहू,सुरेंद्र पटेल,रजनीश, देवेंद्र साहू, किशोर साहू,बेणीराम साहू , विष्णु साहू,पार्षद गण, ज्योति साहू, चंद्रिका सरिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खोलने की मिली सौगात

## क्षेत्र वासियों ने शिवरतन शर्मा को धन्यवाद दिया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा ब्लाक के बिटकुली और बलौदाबाजार ब्लाक के अर्जुनी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की शाखा खोलने की मंजूरी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृति दे दी है। बिटकुली व अर्जुनी में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित की शाखा खुलने से दोनों विकासखंडों के हजारों ग्रामीणों को जहां बैंकिंग सुविधा आसानी से मिल सकेगी, वहीं कृषि से जुड़ी शासन की योजनाओं का भी लाभ उठाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। विकासखंड क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की दो शाखाएं बिटकुली व अर्जुनी में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयास से खोला जा रहा है, जिस सौगात के लिए क्षेत्र वासियों ने उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा को धन्यवाद दिया है। शिवरतन शर्मा ने उक्त स्वीकृति के विषय ने चर्चा में बताया कि समितियों में धान बिक्री के बाद रकम आहरण सहित सहकारी बैंक से जुड़ी योजनाओं के लाभ के लिए किसानों को 60 से 70 किमी का सफर तय करना पड़ता था। इस व्यवस्था में उन्हें परेशानियों का भी सामना करना पड़ता था। कई बार सुबह घर से निकलने के बाद बैंक पहुंचने के बावजूद शाम को उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता था। अब दोनों ब्लाको में बैंक की नई शाखा खुल जाने से किसानों को सहुलियत होगी। शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि दो नई शाखा खुलने से भीड़ से निजात मिलेगी, साथ ही लोगों को भी सुविधाएं प्राप्त होगी। किसान यहां भिन्न-भिन्न योजना से पैसा निकालने के लिए आते है जिससे पूरे क्षेत्र से एक साथ किसानों के आ जाने से बैंक में मेला जैसे भीड़ लग जाता था। अब इन दो शाखाओं के खुलने से यहां भीड़ कम हो जाएगी और किसानों को सुविधाएं मिलने लगेगी। गौरतलब है कि बिटकुली जिला सहकारी बैंक की शाखा में तथा अर्जुनी की शाखा खुल जाने से आसपास के सैकड़ो गांव के किसानों के समय और पैसा दोनों की बचत होगी।

# बिजली बार-बार बंद होने से आम जनता हो रहे हैं परेशान



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले के तिल्दा जनपद के ग्राम बहेसर में रोजना बिजली रहती हैं, बन्द बिजली विभाग के कर्मचारी से जब बिजली बंद रहती है तो फोन के माध्यम से बात करने पर बताया जाता है कि बिजली में फाल्ट रहता है, क्या? बिजली फॉल्ट दिन भर के लिये रहता होगा, इसलिये बिजली गांव में नहीं रहता हैं, क्या बिजली विभाग के कर्मचारियों अपने ध्यान फाल्ट की ओर आकर्षण नहीं करते होंगे इसलिए बिजली बंद रहा ता हैं, क्या इस छोटे से फाल्ट के लिये पूरा राता या दिन का समय लगता हैं, जिसमे ग्रामवासी रहते है। परेशान क्या बिजली विभाग के कर्मचारी सोये रहते है, आपको बात दे कि तिल्दा के समीप ग्राम बहेसर में बुधवार सुबह से ही बिजली बंद था, सब स्टेशन बरतोरी में फोन के माध्यम से पूछने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन बन्द बताया उसके बाद शाम के समय मे फिर से सब स्टेशन तुलसी में फोन के माध्यम से विद्युत विभाग के कर्मचारी से बात हुआ तो बताया गया कि बिजली फाल्ट हैं, और ऐसे ही ग्राम बहेसर में रोजाना लगभग 2 से 3 घंटे तक रहता है। बिजली बंद, ग्राम बहेसर के सरपंच किरण सोहन से पूछने से बताया कि फोन के माध्यम से विद्युत विभाग के कर्मचारियों से अपने स्तर से बता किया गया, तो भी से फॉल्ट का समस्या ही बताया गया, तो इसमें ग्राम वासी करे तो क्या करें, बिजली बंद होने के कारण रात में भी बिजली बंद के कारण सामना करना पड़ता है, इसकी जानकारी पंकज वर्मा, सौरभ यादव, परमेश्वर, प्रदीप, नुरेश, ओमकार, गौरी ने दिया।

# निर्माण कार्यो के साथ सांस्कृतिक विकास भी जरुरी : टंकराम वर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 10 करोड़ 34 हजार रूपये लागत के विकास कार्यों क़ा भूमिपूजन व लोकार्पण किया।इसमें नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 7 करोड़ 3लाख 98 हजार रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों क़ा भूमिपूजन एवं 2करोड़ 96 लाख 36हजार रुपये के निर्माण कार्यों क़ा लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 50 हजार रुपये क़ा चेक वितरित किया गया। सांसद अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल क़ी मांग पर लगभग एक करोड़ 26 लाख रूपये के विभिन्न निर्माण कार्यों क़ी स्वीकृति दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि नगरपालिका को सुंदर बनाने में सबकी भागीदारी होनी चाहिए। आपसी भाईचारा के साथ खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी। निर्माण सम्बन्धी विकास कार्यों के साथ ही सांस्कृतिक विकास पर भी ध्यान देना होगा। सांसद अग्रवाल ने कहा कि शहरों में निर्माण कार्य लगातार बढ़ रहे है, निर्माण के साथ उसका संरक्षण करना भी नागरिकों क़ा कर्तव्य है। नगर क़ी पहचान केवल अच्छी सड़कें, बिजली, पानी ही नहीं बल्कि वहां के नागरिकों के प्रतिभा एवं गुणों से भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर को सुन्दर बनाने में नागरिकों को जिम्मेदारी लेनी होगी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।

### इन विकास कार्यो क़ा हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण

अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य लागत राशि 5 करोड़, वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में गार्डन चौक से मणिकंचन केंद्र होते हुए रिस्दा रोड तक सीसी रोड निर्माण लागत राशि 98.34 लाख, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत विभिन्न सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत राशि 45.90 लाख रुपये, षष्ठी देवी मंदिर के पास सौंदर्यीकरण कार्य 35 लाख रूपये, अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड क्र.-2 तहसील ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 24.74 लाख रूपये क़ा भूमिपूजन तथा वार्ड क्र.-10 मण्डी कॉप्लेक्स के पास बाह्य विकास कार्य 79.26 लाख रूपये, हाट बाजार निर्माण कार्य 45 लाख, नगर भवन जीर्णोद्धार कार्य 92.10 लाख, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत पौनी पसारी निर्माण कार्य 60.00 लाख एवं अम्बेडकर चौक के पास सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 20 लाख रूपये के कार्यों क़ा लोकापर्ण शामिल हैं।

### इन कार्यो क़ी मिली स्वीकृति

स्ट्रीट लाईट के लिए 50 लाख रुपये, आर.सी.सी. रोड निर्माण के लिए 66 लाख रूपये एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये शामिल हैं।
इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ.सनम जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सहित पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पदाधिकारियों के चयन पश्चात शासकीय महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान




पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में पदाधिकारियों का चयन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के पदाधिकारी दलनायक प्रेमसुंदर पटेल, उपदल नायक डिग्री लाल मिरि, शिविर संगठक हर प्रसाद देवांगन, सांस्कृतिक सचिव होरीलाल खूंटे, कैंपस एंबेसडर मीलेश चौधरी एवं स्वयंसेवक के रूप में सेतकुमार कोसरिया का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। इसी प्रकार से महिला इकाई की दलनायक सरिता भोई, उपदल नायक प्रज्ञा दास, शिविर संगठक सुमन पटेल, कैंपस एंबेसडर प्रियंका करायत, सांस्कृतिक सचिव शारदा चौरसिया एवं स्वयंसेवक के रूप में चंद्रिका सिदार का चयन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यक्रम अधिकारियों यू के बरिहा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य सिद्धांत एवं किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने राष्ट्र के पुनःनिर्माण में व्यक्तित्व के विकास करने पर जोर दिया। स्वामी विवेकानंद के आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता ने भी स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया तथा महाविद्यालय के प्रत्येक कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता अनिल तांडी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका और उसे जीवन में होने वाले परिवर्तन एवं बदलाव के बारे में अपने अनुभव को साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र के युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे दरिद्रनारायण की सेवा करने से ईश्वर का साक्षात अनुभव प्राप्त होता है।

# कलेक्टर से 2 माह पहले शिकायत पर ना कार्यवाही और ना जांच का पता जिम्मेदारों पर सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अक्सर शिकायत पर कार्यवाही नही होने के चलते लोग शिकवा शिकायत से दूरी बना लेते ठीक इसी तरह देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोदोभांठा में देखने को मिल रहा है जहां 2 माह पूर्व तत्कालीन सरपंच की शिकायत पर ना कार्यवाही देखने को मिला और ना जांच का कुछ पता है पुर्व सरपंच ने 7 बिंदुओं में कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत किया है जिसमे नाली निर्माण के नाम पर 2 वर्ष पहले 1 लाख रुपए आहरण किया लेकिन नाली का अता पता नहीं है इसी तरह पोटा तालाब में अमृत सरोवर कार्य में गड़बड़ी के साथ वृक्ष रोपण और गोबर खरीदी मे घोटाला करने का उल्लेख है इसके अलावा नाली सफाई के नाम पर राशि आहरण करने के पश्चात भी नाली की सफाई नही किया गया ऐसे 7 बिंदु पर पूर्व सरपंच ने शिकायत दर्ज कराया है लेकिन अफसोस की बात है की शिकायत पर अब तक ना जांच हुई और ना कार्यवाही जिसे लेकर शिकायतकर्ता के साथ साथ ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है क्योंकि जिस सरकारी राशि से ग्रामीणों को सहुलियत पहुंचना था उक्त राशि की बंदरबांट किया गया है तभी गांव की हालत खराब दिखाई पड़ रही हैं जिसकी चिंता ना पंचायत प्रतिनिधि को है और ना अधिकारियों को तभी शिकायत पर कार्यवाही तो दूर की बात है जांच तक नहीं हो पाई है ऐसे में कलेक्टर के जनदर्शन में किए शिकायत पर कार्यवाही की उम्मीद किस तरह किया जा सकता है।




### प्राथमिक तौर पर शिकायत की पुष्टि

पूर्व सरपंच ने जिन बिंदुओं पर शिकायत दर्ज किया उसमे नाली सफाई एवं नाली निर्माण में गड़बड़ी की पुष्टि प्राथमिक तौर माना जा रहा है क्योंकि नाली की सफाई पूरी तरह आज भी नही हो पाया है हालांकि प्रशासनिक मुहर लगाना बाकी है जिसे लगाने में जिम्मेदार अधिकारी भी बचते नजर आ रहे हैं जिसे देख अब ग्रामीण उच्च अधिकारियों से पत्रचार के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की बात कह रहे है क्योंकि यह गड़बड़ी को लगाम नही लगाया जाता तो आने वाले पंचायत चुनाव से पहले सरकार से आंबटित राशि की बंदरबांट होने की पूरी संभावना बनी है यही वजह है कि ग्रामीण निष्पक्ष जांच के साथ उचित कार्यवाही की मांग कर रहे है ताकि सरकारी राशि का सद्पयोग करते गांव की नाली सफाई के अलावा अन्य कार्य प्राथमिकता के साथ हो क्योंकि नाली से लगे घरों के महिला पुरुष और बच्चे काफी ज्यादा प्रभावित होते हैं।

### सरपंच सचिव के ठेका नहीं खाने बात से गुस्साए ग्रामीण

सबसे दुर्भाय की बात तो यह है कि छोटी मोटी समस्या से अवगत कराने पर सरपंच सचिव ठेका नही खाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं जिसे सुनकर अधिकांश ग्रामीण नाखुश है बकायदा पूर्व सरपंच शिकायत में यह भी उल्लेख करते बताया है कि गांव नलकूप खराब होने पर समाधान करवाने की जगह ऐसे कार्यों का ठेका नही खाने की बात करते हैं ऐसे में गांव की समस्या किस तरह निराकरण हो सकता है।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण है जारी

### 2 सैंपल लेकर भेजे गए राज्य लैब, कारोबारियों को प्रशिक्षण देने की जा रही है तैयारी



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा एवं टीम द्वारा पलारी नगर स्थित कान्हा मिष्ठान भंडार से बूंदी लड्डू एवं सेठ हीरा किराना स्टोर्स से वनस्पति घी विधिक नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएंगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा ने बताया की कसडोल एवं पलारी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन हेतु लगातार जागरूक किए जा रहे है। साथ ही आने वाले दिनों में खाद्य कारोबारियों के लिए प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जाएगा।

# सराफा व्यापारी के साथ लूटपाट के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विगत दिनो भाटापारा लिमतरा मार्ग मे ग्राम मर्राकोना के पास नकाबपोशों के द्वारा एक सराफा व्यापारी के साथ बंदूक की नोक पर किये गये लूटपाट की घटना की निंदा करते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग कांग्रेस नेता, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज ने की है। उन्होने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाटापारा लिमतरा मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है जहां चौबीसों घंटे आवागमन चलता है ऐसे मे शाम 7 बजे मर्राकोना गांव के समीप इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यजनक है एवं आम लोगो के लिए चिंता का विषय भी है



पुलिस प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए जिससे आपराधिक गतिविधि करने वालो मे भय रहे। शर्मा ने आगे कहा इस मार्ग पर तरेंगा, रोहरा आदि स्थानों पर लूट की घटना घटित हो चुकी है उन्होंने पुलिस प्रशासन से गस्त बढाये जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। शर्मा ने आगे कहा कि इस तरह की लूटपाट, चोरी डैकती, दुष्कर्म की घटनाएं पूरे प्रदेश से आये दिन सुनने को मिल रहा है जिसे देख ऐसा लगता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है अपराधियों पर कोई नियंत्रण नही रह गया है, पूरे प्रदेश मे आपराधिक गतिविधियां बढने से प्रदेश के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा की साधारण सभा की बैठक 3 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद की जिला प्रबंध समिति का गठन किये जाने के संबंध में 03 अक्टूबर 2024 को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद डॉ. गार्गी यदु पाल के नेतृत्व में 03 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला रेडक्रॉस साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में रेड क्रॉस के जिला संगठक रोमन लाल साहू ने बताया कि रेडक्रॉस नियमावली अनुसार राज्य स्तर पर राज्य प्रबंध समिति तथा जिला स्तर पर जिला प्रबंध समिति का गठन किया जाता है।

# 9 सूत्रीय मांगो को लेकर पांच पंचायत के लोग अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे

## मांग पुरा नहीं होते तक ब्लॉक मुख्यालय जिला मुख्यालय और राजधानी तक भी जाकर लड़ाई लड़ने की कही बात

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





किसान संघर्ष समिति, स्कूली बच्चे बहुप्रतीक्षित मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है यहां किसान संघर्ष बेलरबाहरा जोन के कई गांव के किसानों अपने 9 सूत्री मांगों को लेकर जिले के अंतिम छोर वनांचल क्षेत्र तुमड़ी बाहर गांव के चौक में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। स्कूली छात्र, छात्राएं भी प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी मांग कर रहे है। किसान हाईस्कूल के विज्ञान के शिक्षक को अन्य जगह स्थानांतरण कर नए विज्ञान के शिक्षक, हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, अरसीकन्हार से गरहडीही तक पक्की सड़क, ग्राम बेलर बाहरा, बासीन, अर्जुनी, तुमडीबहार, गायताभरी, दौड़, छोटेगोबरा तक नहर नाली का विस्तार, सोंडूर डैम के लिए अधिग्रहित किसानों के भूमि का मुआवजा और उपस्वास्थ्य केंद्र से सोंदूर बांध जीरो तक पक्की सड़क, थाना मेचका से सोंदुर डैम तक सड़क मरम्मत कार्य और सोंदूर डैम और मुचकुंद ऋषि पर्वत को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग सहित 9 सूत्रीय मांगो को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है। इस दौरान पालकों ने धरना स्थल तक पैदल चलकर हाईस्कूल तुमडीबाहर तक पैदल पहुंचे जहां प्रशासन द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का अयोजन किया गया था। लेकिन ग्रामीणों ने शिविर का बहिष्कार कर दिया और कोई भी ग्रामीण शिविर में अपना समस्या लेकर नहीं पहुंचे वहीं शिविर में पहले से मौके पर मौजूद तहसीलदार, एसडीओपी सहित तमाम विभाग के प्रशासनिक अमले मौके पर मौजूद रहे और स्कूल के मुख्य गेट के पास ग्रामीणों को समझाने का भरपूर कोशिश किए लेकीन फिर भी लोग अपनी मांगों को लेकर डटे रहे जिसके बाद पालकों ने स्कूल के गेट में ताला जड़ दिया और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे। जहां से वापस धरना स्थल पर वापस पहुंचकर फिर से धरने पर बैठ गए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात है। बता दे कि ये सभी मांगे किसानों की बहुप्रतीक्षित मांगे है जिसके लिए किसानों द्वारा बीते कई वर्षो से लगातार मांग कर रहे है लेकीन किसानों की समस्या का हल नहीं हो सका है जिसके चलते थक हार कर किसानों को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक उसकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक वो लोग ऐसे ही धरने पर बैठे रहेंगे और जरूरत पड़ी तो चक्काजाम करने के लिए भी बाध्य होंगे इस दौरान प्रदर्शन में श्रीधन सोम, नरेश मांझी, दिनेश यादव, विमल धुर्वा, ब्रह्मा देव, भान सिंह, फूल सिंह नेताम, लीला शंकर तरुण मरकाम, धर्मेंद्र बिसेन कालेश्वरी मांझी राजुला मरकाम उषा नाग भानुमति नाग ग्राम बेलरबाहराए बरपदर, कस्लोर, बांधापारा, तुमडीबाहर, गाताभार्री, अर्जुनी, बाशीन, ठेन्ही, गोबरा, दौड, दौडपंडरीपानी, घोरागाव, काचीपारा, मेचका खालगड, आरसिकंहार, बोइरगांव, करखा, बडे गांव किसान संघर्ष समिति के किसान और स्कूली छात्रए छात्राएं बड़ी संख्या शामिल थे।

# सीएसवीटीयू में अनुसंधान प्रस्ताव निधिकरण और अवसर विषय एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के यूटीडी परिसर में 10 सितम्बर 2024 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय अनुसंधान प्रस्ताव निधिकरण और अवसर था। इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को अनुसंधान परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने और विभिन्न अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें सभी विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। इसके बाद, डॉ. पी. के. घोष, निदेशक, यूटीडी, सीएसवीटीयू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और नवाचारों के लिए सही मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता बहुत जरूरी होती है, और यह कार्यशाला इस दिशा में पहला कदम है। यह कार्यशाला कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यशाला के संरक्षक डॉ. संजय अग्रवाल, प्रोवाइस चांसलर, सीएसवीटीयू, भिलाई थे। कार्यशाला के पहले सत्र में डॉ. संजय कुमार मिश्रा (वैज्ञानिक-एच, भारत सरकार) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की योजनाओं का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने ष्विज्ञान और प्रौद्योगिकी की सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और समझाया कि कैसे शोधकर्ता और शैक्षणिक संस्थान इन योजनाओं से लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सही प्रस्ताव कैसे तैयार किया जाए, इस पर भी सुझाव दिए। डॉ. मनोज सिंह रोहिल्ला (वैज्ञानिक-एफ, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) ने मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत सी योजनाएं हैं जो शोधकर्ताओं और छात्रों को उनकी अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करती हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक प्रतिभाओं को पोषित करना और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। डॉ. विनीता चौधरी (वैज्ञानिक-ई, जैव प्रौद्योगिकी विभाग) ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग भारत और अन्य देशों के बीच अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अनुदान और सहयोग के अवसरों पर भी प्रकाश डाला, जिससे शोधकर्ताओं को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। डॉ. मनोज कुमार (वैज्ञानिक-डी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग) ने अनुसंधान एवं विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शोध एवं विकास परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के तरीके बताए। उन्होंने यह भी बताया कि जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कैसे नवाचार और अनुसंधान से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में अंकित राणा, प्रमुख अकादमिक, एलएसएसएसडीसी, नई दिल्ली ने नई शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास के साथ इसके संरेखण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 के अंतर्गत कौशल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है और इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भी अनुसंधान और कौशल विकास को साथ-साथ बढ़ावा देना है।

उन्होंने यह भी बताया कि शोधकर्ता किस प्रकार से इन कार्यक्रमों से लाभान्वित हो सकते हैं। कार्यशाला के अंतिम सत्र में डॉ. संजय सक्सेना, महाप्रबंधक और प्रमुख, निवेश, नई दिल्ली ने औद्योगिक और उद्यमिता योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उभरते उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाओं का परिचय दिया। उन्होंने उद्यमिता की चुनौतियों और अनुसंधान को व्यावसायिक रूप में बदलने के अवसरों पर प्रकाश डाला।

# महापौर ने एमआईसी प्रभारियों के साथ विधायक को सौंपा मांग पत्र

## शहर के सभी वार्डों को मिले विकास का सामान रुप से लाभ : धीरज

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ विधायक गजेंद्र यादव के निवास में मुलाकात कर उन्हें निगम के क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं निकाय के प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने हेतु मांग पत्र सौंपा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधायक गजेन्द्र यादव से कहा है कि शहर के सभी वार्डो को विकास का लाभ सामान रुप से मिले.उन्होंने कहा कि पिछले 8 माह से स्वीकृत कार्यो की राशि नगर निगम को नहीं मिल पायी है। शहर का लगभग पूरा हिस्सा अंधेरे की चपेट में है। पूरे शहर के वार्डो में कई जगह विद्युत व्यवस्था की आवश्यकता है। आने वाला समय त्यौहारों का समय है।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि स्ट्रीट लाईटों को समस्त वार्डो मे आवश्यकता अनुरूप समान रूप से वितरित किया जाना उचित होगा।महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधायक गजेंद्र यादव से चर्चा में बताया कि पूर्व मे अधोसंरचना मद पांच करोड़ अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि से मात्र 17 वार्डों में ही विकास कार्य हुआ तथा 43 वार्डों में विकास कराया जाना है।

जिन वार्डो में विकास कार्य नहीं हुआ उसे आने वाले अधोसंरचना मद से समतुल्य आबंटन किया गया है। ताकि सभी वार्डो का चौमुखी विकास हो।उन्होंने विधायक से उक्त विषय को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए निगम क्षेत्र के समस्त वार्डों के सर्वांगीण विकास हेतु शीघ्र करवाने के लिये निवेदन किया। इस दौरान सभापति राजेश यादव, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, दीपक साहू, संजय कोहले, जमुना साहू, सत्यवती वर्मा, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, ज्ञानदास बंजारे, प्रेमलता साहू, नजहत परवीन, कुलेश्वर साहू, माहेश्वरी ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहें।

# नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजमार्ग नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर में जोन कार्यालय के समीप स्थित हुंडई शोरूम पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। आबंटित क्षेत्र पर निर्माण कर लेने के अतिरिक्त रोड के जगह पर अतिक्रमण कर गाड़ियो की पार्किंग की जा रही थी। रोड से शोरूम तक जाने के लिए लम्बा चैंडा पाथवे बना लिया गया था, उसे जोन के राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने अपनी तोड़फोड़ दस्ता के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को खाली करवाये। संबंधित को चेतावनी दी गई उपरोक्त स्थल पर अन्य कोई अतिरिक्त पाथवे नहीं बनाया जायेगा। यह शासन की सड़क है, इसे सड़क ही रहने दिया जाये। इसी तारतम्य मे अरिहंत स्टील के द्वारा 20 फिट से अधिक का विज्ञापन बोर्ड रोड पर लगाया गया था, उसे भी हटाया गया। सनद रहे कि संस्थाओ द्वारा शोरूम या दुकान बनाते समय अपने पुरे आबंटित जमीन पर निर्माण कर लिया जाता है। बाद में चोरी छिपे शासकीय सड़क पर अवैध कब्जा करके पार्किग स्थल बना दिया जाता है। जिसके कारण आवागमन में बाधा पहुचती है और दुर्घटनाओ की संभावना बनी रहती है। यह सब देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। अतिक्रमण हटाने कार्यवाही के ही तारतम्य में बैकुण्ठधाम में भी किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को रोका गया। कार्यवाही के दौरान नगर निगम भिलाई के तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, दिनेश बेलचंदन, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

# पक्षियों के पहचान एवं उनके सरंक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com






दुर्ग जिला अंतर्गत महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा में वानिकी महाविद्यालय सांकरा दुर्ग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में पक्षियों की पहचान एवं उनके संरक्षण पर एक दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान एवं वनों में उनके संरक्षण के महत्व को अवगत कराना, कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वक्ताओं ने बताया कि पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और उनके संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.अमित दीक्षित अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा ने पक्षियों की पारिस्थितिकी तंत्र में विशेष भूमिका के बारे में बताया कार्यक्रम में अतिथि वक्ता आलोक कुमार चंद्राकर, सहायक क्षेत्रीय निदेशक पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं डॉ. फर्गस मार्क एंथोनी, जैव विविधता सलाहकार ने विद्यार्थियों को पक्षियों की पहचान एवं उनके संरक्षण के लिए जागरूक किया एवं पक्षियों के विशेष महत्व जैसे परागण, बीज के फैलाव, पर्यावरण के विभिन्न परिवर्तन के सूचक के रूप में एवं प्रवासी पक्षियों के विशेष महत्व को बताएं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.राजेश कुमार सहायक अध्यापक, डॉ. आयुषी त्रिवेदी सहायक प्राध्यापक, डॉक्टर गागेंद्र सिंह राजपूत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ!!

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में बेलबहरा को द्वितीय स्थान



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्र छात्राओं ने संभाग स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जनसंख्या शिक्षा के तहत संभाग स्तरीय रोल प्ले, लोक नृत्य एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता अंबिकापुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहुउद्देशीय मल्टीपरपज में आयोजित किया गया था जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के कक्षा नवमी के प्रियांश, महेंद्र, अनन्या, राखी, उर्मिला के द्वारा पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर नाटिका प्रस्तुत किया गया और संभाग स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया संस्था प्राचार्य बलराज पाल के दिशा निर्देशन एवं सुनीता मिश्रा एवं निर्मला अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन से विद्यालय को उपलब्धि प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर छात्राओं को विद्यालय के समस्त शिक्षकों के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# पीएम आवास योजना के 18 हितग्राहियों ने ऋण लोन के लिए किया अप्लाई, कल भी ऋण लोन मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियो के लिए लोन मेला का आयोजन किया गया था। हितग्राहियों ने डाटा सेंटर पहुँचकर बैंक का नाम आईआई एफएल होम लोन भिलाई,जेना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, आवास फाइनेंस दुर्ग, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड दुर्ग-भिलाई से 69 लोगो ने ऋण के संबंध में बैंको से जानकारी ली एवं 18 हितग्राहियों ने अपने दस्तावेज जमा कराए ऋण लेने के लिए बैंक को दस्तावेज देकर लोन के लिए अप्लाई किया गया। नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास शाखा से पोटियाकला के हितग्राहियों द्वारा पहले 10% की राशि जमा की गई है और बाकी राशि जमा करने के लिए द्वितीय सूचना पत्र जिसमे 15 दिवस के अंदर सम्पूर्ण राशि जमा करने कहा गया है, जमा नहीं करने की स्थिति में आवास का आबंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी! ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारो को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा उपरांत लॉटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है।आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य है। ततपश्चात मकान का अधिपत्य पत्र सौंपा जाता है। अधिकांश हितग्राही आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नही कर पाते । ऐसे हितग्राहियो के लिए लोन मेला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का कुल राशि जमा करके मकान प्राप्त कर सकेगें। 13 सितंबर को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोन मेला नगर निगम के डाटा सेंटर में समय सुबह 10.30 से लेकर शाम 5.00 बजे तक आयोजित किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोन मेला निगम के डाटा सेंटर में किया जाएगा आयोजित

- सितंबर 12 एवं 13 को लगेगा लोन मेला, मोर मकान-मोर आस हितग्राहियो के लिए

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियो के लिए 12 एवं 13 सितंबर को लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है।ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारो को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करके लॉटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है। आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य है। ततपश्चात मकान का अधिपत्य पत्र सौंपा जाता है। बहुत से हितग्राही शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नही कर पा रहे है। ऐसे हितग्राहियो के लिए लोन मेला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का कुल राशि जमा करके मकान प्राप्त कर सकेगें।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोन मेला नगर निगम के डाटा सेंटर में समय सुबह 10,30 से लेकर 5 बजे तक आयोजित किया जाना है। बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर आवास लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राही को बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज- आबंटन पत्र की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैक पास बुक की छायाप्रति, शपथ पत्र, 6 माह का बैंक स्टेटमेंट, वेतन प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साईज फोटो, किरायानामा, जमा की गई राशि की रसीद की छायाप्रति।आबंटिती अपनी सुविधा अनुसार बैंक से लोन प्राप्त कर आवास प्राप्त कर सकते है। जिनके लिए प्रमुख बैंक से लोन प्रदान किये जाने लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है. बता दे कि महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी आबंटितो से अपील की है कि अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त करके शेष राशि जमा कर मोर मकान-मोर आस योजना अंतर्गत आबंटित मकान प्राप्त कर लेवे।आबंटित मकान के लिये पैसा जमा करने का एक निर्धारित समय होता है, विलम्ब होने पर आबंटित मकान निरस्त भी हो सकता है।

# छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा 15 सितंबर को, एमसीबी जिले के 22 परीक्षा केन्द्रों में, 5502 परीक्षार्थी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आगामी 15 सितंबर को आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा एमसीबी जिले के 22 परीक्षा केन्दों में जिले के कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के संरक्षण में व्यापम के निर्देशानुसार आयोजित होगी, जिसमें एमसीबी जिले के 5502 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है जो प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे उनके सहयोग के लिए अजय टोप्पो कार्यालय कलेक्टर से इस कार्य में संलग्न हैं तथा अग्रणी महाविद्यालय एमसीबी की प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है जो प्रशिक्षण एवं परीक्षा संचालन एवं सम्पन्न कराने का दायित्व निर्वहन करेंगी। समन्वयक डॉ. विश्नोई द्वारा नियमानुसार इस परीक्षा के लिए 04 सहायक समन्वयक एवं 22 केन्द्राध्यक्ष, 22 पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। नोडल अधिकारी द्वारा भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। परीक्षा के दौरान सुरक्षा बल उपलब्ध कराने हेतु नोडल एवं समन्वयक के द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। समन्वयक डॉ. विश्नोई द्वारा सहायक समन्वयक अजय कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़, सहायक समन्वयक सुशील कुमार तिवारी, कमलेश पटेल, सुशील कुमार छात्रे की उपस्थिति में 11.09.2024 को सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु आवश्यक द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इससे पूर्व प्रथम प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 04.09.2024 को नोडल अधिकारी प्रीतेश राजपूत के उपस्थिति में प्रदान किया गया था। डॉ. विश्नोई ने परीक्षार्थियों के लिए बताया कि परीक्षा का प्रवेश-पत्र व्यापम की वेबसाइट में अपलोड हो गया है, जहाँ से परीक्षार्थी प्रिंटआउट ले सकते हैं। यह परीक्षा 15 सितंबर, रविवार को मध्यान्ह 12.00 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित है, परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेगें। 01 दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों की जानकारी अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कर लेने से अभ्यर्थियों को सुविधाजनक रहेगा। क्योंकि परीक्षा प्रारंभ होने के पन्द्रह मिनट पश्चात् अर्थात् 12.15 बजे से किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अतः परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों के भोजन में पौष्टिक आहार शामिल किया जाए

# बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण पर रखे विशेष ध्यान : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह एवं वजन त्यौहार 2024 के संबंध में चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के बारे में विस्तृत समीक्षा की।

**जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा-** कलेक्टर ने जिला बाल संरक्षण इकाई के संबंध में जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत् बालकों की संस्थावार जानकारी ली। उन्होंने संस्थाओं में निवासरत् बालकों के आधार कार्ड बैंक खाता एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य शत-प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। जिले में शासकीय बालगृह, बाल सम्प्रेक्षण गृह, विशेष गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी, दत्तक ग्रहण एजेंसी, खुला आश्रय गृह एवं मदरसा अशरफिया यतीम खाना शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से समीक्षा की। विभिन्न संस्थाओं में निवासरत बालक, बालिकाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार उनको उस क्षेत्र में पारगंत करने को कहा। समीक्षा के दौरान उन्होंने अशासकीय मातृछाया सेवा भारती, दत्तक ग्रहण एजेंसी में निवासरत बालक-बालिकाओं की जानकारी ली। इस पर पर्यवेक्षक ने बताया कि उक्त संस्था में 0 वर्ष से 06 वर्ष के बालक/बालिकाओं को निवास दिया जाता है। वर्तमान में 04 बालिका एवं 02 बालक उपस्थित हैं। उन्होंने चाईल्ड लाईन में प्राप्त प्रकरणों एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने चाईल्ड लाईन के टोल फ्री नम्बर 1098 को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में चस्पा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने एक युद्ध नशे के विरूद्ध के अंतर्गत कार्ययोजना तैयार कर संबंधित विभागों से समन्वय कर विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही जिले में चिन्हांकित हॉट स्पॉट जगहों पर संयुक्त टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाने के निर्देश दिए। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक द्वारा मादक द्रव्य, नारकोटिक्स ड्रग, तम्बाकू उत्पाद या मन प्रभावी पदार्थ बेचने, बेचने हेतु नियोजित करना, उपयोग हेतु प्रदान करना या परिवहन करवाना प्रतिबंधित है। इसका उल्लघंन करने पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बाल श्रमिक रोकथाम हेतु जिले के छोटे और बड़े प्रतिष्ठानों जैसे कारखानों, ढाबों, उद्योगों, होटलों, संगठित दुकानों और खदानों, ईट भट्ठों जैसे असंगठित क्षेत्रों में लगे बच्चों और किशोरों के बचाव के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं बाल गृह में निवासरत बालकों को नियमित शिक्षा जाने हेतु शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजन बालकों हेतु बाल देखरेख संस्थाओं में रैम्प की जानकारी ली। बालगृह में निवासरत बालकों के लिए माह में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने हेतु मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में दर्ज प्रकरणों एवं निराकरण की स्थिति पर चर्चा की।

**राष्ट्रीय पोषण माह एवं वजन त्यौहार 2024 की समीक्षा-**कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के भर्ती के संबंध में जानकारी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि रिक्त पदो के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। उन्होंने पोषण माह के तहत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की।

# श्री अग्रसेन जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर, 15 सितंबर से होगी शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती समारोह की तैयारियां आरम्भ हो गई हैं.15सितंबर से 03 अक्टूबर 2024 तक राजस्थान भवन में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.इसके साथ ही राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ में आगामी 03 अक्टूबर को महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती मनाई जायेगी.अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं मारवाड़ी तेजस्विनी महिला शाखा अध्यक्ष पूजा शर्मा ने बताया कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि आगामी 03 अक्टूबर 2024, दिन गुरुवार को समाज के पितृ पुरुष श्री श्री 1008 भगवान श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती का आयोजन अग्रवाल सभा, मारवाड़ी तेजस्वनी महिला शाखा मनेन्द्रगढ़ के तत्वाधान में किया जा रहा है. उपरोक्त आयोजन में समाज के नन्हे - मुन्ने बालक- बालिकाओं युवकों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।सभा आपसे आपकी - परिवार की सहभागिता की अपेक्षा हेतु निवेदन करती है। समाज के अग्र पुरुष की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों मे आपका आशीर्वाद आपकी सहभागिता हमें सबल प्रदान करेगी। पूजन कार्यक्रम 03 अक्टूबर 2024 दिन-गुरुवार, समय- सायं 7.00 बजे से राजस्थान भवन, मनेन्द्रगढ़ में होगा.गरबा 07 अक्टूबर 2024 सोमवार सायं 7.00 बजे से 11.00 बजे तक होटल हसदेव इन में आयोजित किया जायेगा।

## संपादकीय

### भारत-यूएई संबंध मोदी-नाहियान वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** तथा संयुक्त अरब अमीरात- यूएई के राजकुमार अल नाहियान के बीच वार्ता के बाद हुए उल्लेखनीय समझौतों से भारत-यूएई संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। भारतीय राजनय नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। दुनिया भर के देश उत्साह से भारतीय बिजनेसों का स्वागत कर रणनीतिक गठबंधन बना रहे हैं। इससे भारत को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व रूप से सद्भावना प्राप्त हो रही है तथा पिछले वर्षों में उसका प्रभाव बढ़ा है। हालिया यूएई-भारत ऊर्जा समझौता इस दृष्टिकोण से एक और महत्वपूर्ण कदम है। यूएई के राजकुमार शेख खालिद बिन मुहम्मद बिन जायद अल नाहियान वर्तमान समय में भारत में हैं और उनका प्रधानमंत्री मोदी के साथ सार्थक संवाद हुआ है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात-यूएई लगातार अपनी रणनीतिक साझीदारी को मजबूत कर रहे हैं जिससे ऊर्जा क्षेत्र को काफी प्रगति मिली है। दोनों देशों ने सहयोग और बढ़ाने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का विस्तार प्रमुख क्षेत्रों तक है जिनमें द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी व्यापार, पेट्रोलियम सप्लाई, नाभिकीय प्लांटों का संचालन तथा उत्पादन में रियायतें शामिल हैं। इस प्रकार यह द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण अवसर है। दोनों नेताओं ने जोर दिया है कि इन समझौतों से, खासकर नाभिकीय ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, ग्रीन हाइड्रोजन, 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस' तथा उत्कृष्ट तकनीकों जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग व्यापक होगा।

एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में अबू धाबी नेशनल आयल कंपनी-एडनोक तथा इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल के बीच हर वर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी सप्लाई का समझौता हुआ



है। यह एक साल के भीतर ऐसा तीसरा समझौता है। इससे दुनिया के एक प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देश के साथ सहयोग से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और मजबूत हुई है। इसके साथ ही 'ऊर्जा भारत' तथा एडनोक के साथ अबू धाबी के समुद्री ब्लाक वन में उल्लेखनीय 'उत्पादन रियायत समझौते' पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा यूएई में ऊर्जा उत्पादन रियायत प्राप्त करने का पहला मामला है। समान रूप से महत्वपूर्ण 'इमीराट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी'-ईएनईसी और 'न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन आफ इंडिया'-एनपीसीआईएल के बीच हुआ समझौता है। इस समझौते का उद्देश्य नाभिकीय बिजली घरों के संचालन एवं रखरखाव में सहयोग तथा सिविल नाभिकीय क्षेत्र में परस्पर निवेश बढ़ाना है। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी तथा राजकुमार अल नाहियान ने भारत-यूएई समग्र रणनीतिक साझेदारी में हुई तेज प्रगति को स्वीकार किया जिसकी स्थापना 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान हुई थी। इस समय यूएई में सबसे ज्यादा संख्या 3.5 मिलियन अनिवासी भारतीयों की है। ऊर्जा, नाभिकीय सहयोग तथा व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों में मील का पत्थर है। राजकुमार नाहियान राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर भी गए जहां उन्होंने एक पौधा रोपा। इस परंपरा की शुरुआत उनके बाबा ने 1992 में की थी। यूएई के राजकुमार शेख खालिद बिन मुहम्मद बिन जायद अल नाहियान की भारत यात्रा इस दौरान हुए समझौतों से आगे जाती है। इससे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को मजबूती मिली है। 'लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम'-एलसीएस के क्रियान्वयन से भारतीय रुपयों और यूएई दिरहम में सीमापार लेनदेन संभव हुआ है। यह भारत और संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के बीच निरंतर प्रगाढ़ होते संबंधों का एक और उल्लेखनीय उदाहरण है।

# भारत में कौशल विकास जरूरी

हमें विशेष कौशल संभावनायें खोजने की जरूरत है। इससे मानकीकृत प्रतियोगिता परिवेश का विकास होगा जो विश्व स्तरीय कौशल प्रतियोगिताओं में सभी भारतीय प्रतियोगियों के लिए समान आधार की गारंटी देगा।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास से संबद्ध हैं)



फ्रांस के लियोन में द्वैवार्षिक 'वर्डस्किल्स कंपटीशन - 2024' के 47वें संस्करण का प्रारंभ हुआ है। इस प्रतियोगिता में वर्डस्किल्स इंडिया टीम की 60 सदस्यों वाली युवा टीम भाग ले रही है। यह दुनिया भर के 70 से अधिक देशों के सहभागियों के साथ 52 कौशल श्रेणियों में प्रतियोगिता करेगी। अक्सर 'ओलम्पिक्स आफ स्किलिंग' कही जाने वाली इस अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में 10 से 15 सितंबर तक 2.5 लाख से अधिक प्रतियोगी शामिल होंगे। इसमें 1,400 से अधिक प्रतियोगियों के साथ 1,300 विशेषज्ञ भी होंगे। वर्डस्किल्स प्रतियोगिता एक ऐसा मंच है जहां हम व्यापक प्रकार के कौशलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हैं जिनमें निर्माण से लेकर विनिर्माण तथा सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर सृजनात्मक कलायें शामिल हैं। इसमें भाग लेने वाली 60 सदस्यीय भारतीय टीम में 20 प्रतिशत महिलायें हैं।

यह संस्करण अपने आप में इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि इसमें परंपरागत रूप से पुरुष-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों, जैसे वेल्डिंग, प्लंबरिंग व हीटिंग में भी प्रतियोगितायें होंगी। उनको विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख निगमों द्वारा कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही देश भर की उद्योग संस्थाओं तथा संस्थानों के प्रमुख लोगों ने उनकी सहायता की है। लेकिन दुर्भाग्य से महिला-प्रभुत्व वाले सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र द्वारा इस प्रतियोगिता में ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया गया है, जबकि इन क्षेत्रों में 67 प्रतिशत महिलायें काम करती हैं। विडंबना है कि इस क्षेत्र में उपलब्ध कौशल क्षमताओं को अभी विश्व स्तर पर समुचित स्वीकार्यता नहीं मिली है।

इसी कारण वर्डस्किल प्रतियोगिता की वर्तमान टीम में इनको समुचित स्थान नहीं मिला है। यदि 'नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन'-एनएसडीसी तथा सीएसआर फंड इन कौशलों को भारत में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के माध्यम से सहायता दें तो यह बहुत महत्वपूर्ण कदम होगा। देश की इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अभी सर्वोच्च कौशल मानकों का प्रदर्शन होना बाकी है, लेकिन यह एक मंच के रूप में अनेक युवाओं को ऐसा स्थान प्रदान करता है जहां वे अनेक कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 में कौशल विकास का महत्व स्वीकार करते हुए इसके लिए इस क्षेत्र में 40 प्रतिशत 'क्रेडिट' दिए गए हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कौशल विकास तक पहुंच में वित्तीय सीमायें बाधा नहीं बनें। वित्तीय सहायता, स्कालरशिप तथा कम ब्याज पर कर्ज वाले माडलों की खोज कर कौशल कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले नौजवानों को समर्थन दिया जाना चाहिए। यह बात खासकर सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है जो भारत का भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। कौशल विकास क्षेत्र के तेजी से विकास के लिए नियामक ढांचा मजबूत करने और इसमें सुधार करने की आवश्यकता है।

यह उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं तथा तकनीकों में प्रगति को देखते हुए बहुत जरूरी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में मान्यता व प्रमाणन प्रक्रियाओं को सहज, सरल और गतिशील बनाने की भी आवश्यकता है और इस पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन कौशल विकास की मुख्य शक्ति उसकी प्रतियोगिता क्षमता में है। कौशल विकास के लक्ष्य पूरे करने के लिए अकादमिक क्षेत्र, उद्योगों तथा प्रशिक्षकों को एकसाथ लाना जरूरी है। भारत के कौशल विकास लक्ष्य पूरा करने के लिए यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारत को वैश्विक कौशल राजधानी बनाने के लिए हमें 11 प्रमुख पैराडाइमों और सक्षमीकरणों पर ध्यान देना चाहिए। इनमें महत्वाकांक्षा एवं पैरोकारी, क्षमता, गुणवत्ता, सिनर्जी, लामबंदी व सहभागिता तथा अंतरराष्ट्रीय साझेदारी शामिल हैं।

इस सहभागी प्रयास में सभी पक्षों की अपनी विशिष्ट भूमिका है और उनको इसका पालन करना चाहिए। इन सबको साथ लाकर हम वैश्विक स्तर पर एक कुशल कामगार बल तैयार कर सकते हैं जो देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही भारत के लिए 'गेमचेंजर' साबित हो सकता है। वर्तमान समय में सौंदर्य एवं वेलनेस क्षेत्र में वैश्विक कौशलों के मामले में भारत का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं है और इस मामले में हम अनेक देशों से पीछे हैं। हमें अपने लड़के लड़कियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण देने के साथ उनको ज्यादा प्रतियोगिताओं के अवसर देने चाहिए। इससे वे विश्व कौशल प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ने में सफल होंगे। 'मिस वर्ड' व 'मिस युनीवर्स' जैसी सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस क्षेत्र के प्रति व्यापक आकर्षण पैदा किया है। इससे फैशन उद्योग के बारे में पुरानी भ्रांत धारणायें काफी सीमा तक टूटी हैं तथा इसे एक विशिष्ट पहचान मिली है। इसी प्रकार सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र की असीम संभावनायें हैं और यह विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र में हमारा कौशल दृष्टिकोण व्यक्तियों में ऐसे केन्द्रित सुधार का होना चाहिए जिससे वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी अमिट छाप छोड़ सकें।

वर्डस्किल्स प्रतियोगिता हर दो साल पर कौशलों की वैश्विक चैंपियनशिप का आयोजन करता है। इसमें दुनिया भर के युवा प्रतियोगिता कर अपने विशिष्ट कौशल में मैडल जीतते हैं। ये प्रतियोगितायें विभिन्न क्षेत्रों तक फैली हैं जिनमें ज्वाइनरी से फ्लोरिस्ट्री, हेयरड्रेसिंग से एलेक्ट्रानिक्स, आटो-बाडी रिपेयर से बेकरी, सौंदर्य व वेलनेस तथा अनेक अन्य क्षेत्र शामिल हैं। वर्डस्किल सदस्य देशों तथा क्षेत्रों से प्रतियोगियों का चयन किया जाता है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने साथियों में सर्वश्रेष्ठ होते हैं। इस प्रकार पेशेवर शिक्षा में कुशल पेशेवरों की पहचान बनती है जो वर्डस्किल्स प्रतियोगिताओं का एक प्रमुख लक्ष्य है। यह परिवर्तनकारी सामाजिक और आर्थिक औजार का काम करता है। विश्व स्तर पर भारत का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए वैश्विक कौशल प्रतियोगितायें समय की आवश्यकता हैं। इसके लिए हमें विभिन्न प्रकार के कौशलों के लिए अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण आयाम पर फौरन ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही समुचित जमीनी कार्रवाई भी जरूरी है क्योंकि इससे विश्व कौशल विकास के क्षेत्र में भारत की स्थिति काफी मजबूत होगी। 'वर्डस्किल्स कंपटीशन-2022' में 50 सदस्यों वाली भारतीय टीम को केवल 13 मैडल एप्रीसियेशन श्रेणी में मिले थे और इसे सभी प्रतियोगियों में 11वां स्थान मिला था।

इसके उलट चीन का प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान था जिसे 11 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य मैडल मिले थे। हालांकि भारत को कभी इन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण मैडल नहीं मिले, पर इनसे स्पष्ट हुआ कि विभिन्न प्रकार के कौशलों में भारतीय युवा पेशेवरों की असीम संभावनायें हैं ओर वे विश्व प्रतियोगिताओं में मैडल भी जीत सकते हैं। भारतीय प्रतियोगियों को विश्व स्तर पर विभिन्न कौशलों में विकास से परिचित करना तथा उनमें उत्साह पैदा करना भारत में कौशल विकास के भविष्य के लिए जरूरी है।

इस दृष्टिकोण से हमें नई रणनीति की आवश्यकता है। विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाने की जरूरत है। इन संस्थाओं में उद्योगों तथा पेशेवर शिक्षा के बारे में सूचनाओं तथा सर्वोत्तम व्यवहारों का अबाध संप्रेषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत में नए विचारों और प्रक्रियाओं की शुरुआत स्कूली शिक्षा से ही होनी चाहिए ताकि नौजवान स्वयं को तकनीकी व रचनात्मक कॅरियरों के प्रति प्रतिबद्ध रूप से विकसित कर सकें। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा। यदि हमारे कुशल सहभागी 'ओलम्पिक्स आफ स्किल्स' में मैडल नहीं जीत पा रहे हैं तो यह स्पष्ट संकेत है कि हमें अपनी रणनीतियों पर पुन: विचार करना चाहिए। हमें उत्कृष्टता के लिए विशिष्ट कौशलों के विकास पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही मानक प्रतियोगिता परिवेश की भी गारंटी की जानी चाहिए ताकि हम दुनिया भर के प्रतियोगियों के साथ समान स्तर पर प्रतियोगिता कर सकें। लगातार सुधार और नई चीजों व विचारों की स्वीकार्यता बढ़ाने से हम लोगों को कौशल विकास के क्षेत्र में इन आयामों का महत्व बता सकते हैं। कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देना जरूरी है।

# चिंताजनक हैं आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं

**विवेक शुक्ला**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या, विशेष रूप से युवा लोगों और व्यापारियों के बीच, एक चिंताजनक और दिल दहला देने वाला मुद्दा है जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। छात्रों और उद्यमियों द्वारा असफलता या संकट का सामना करने के बाद अपने जीवन को समाप्त करने की खबरें बहुत आम हो गई हैं। यह सही समय है कि समाज, जिसमें शिक्षक, मनोचिकित्सक और जिम्मेदार नागरिक शामिल हैं, इस बात पर विचार करें कि निराशा के क्षणों में ये व्यक्ति ऐसे चरम उपाय क्यों करते हैं।

हाल के वर्षों में, आत्महत्या की महामारी ने प्रमुखता हासिल की है, विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच। सफल होने का दबाव, सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर से बढ़ जाता है, जिससे युवा व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम होते हैं। राजस्थान का कोटा शहर, जो अपने कोचिंग संस्थानों के लिए प्रसिद्ध है, छात्रों की आत्महत्याओं का केंद्र बन गया है। शीर्ष मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं को पास करने के एकमात्र लक्ष्य के साथ हर साल हजारों छात्र शहर में आते हैं।

फिर भी, शैक्षणिक अपेक्षाओं के भारी बोझ के नीचे, कई टूट जाते हैं। लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2021 के बीच भारत में 35,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। 2019 में, छात्रों की आत्महत्या की संख्या 10,335 थी, जो 2020 में बढ़कर 12,526 और 2021 में 13,089 हो गई। ये आंकड़े छात्रों के सामने आने वाले दबावों की एक गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। साथियों से लगातार तुलना, अथक प्रतिस्पर्धा और माता-पिता, शिक्षकों और समाज की उच्च अपेक्षाओं को पूरा करने की इच्छा अक्सर युवा व्यक्तियों को फंसा हुआ, निराश और असफलता का सामना करने में असमर्थ महसूस कराती है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल इस बात पर जोर देते हैं कि आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या पर केवल चिंता व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है। उनका तर्क है कि इस



संकट के समाधान की पहचान करने की तत्काल आवश्यकता है। 10 सितंबर को पड़ने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर, युवा, व्यवसायी और अन्य आत्महत्याओं के पीछे के कारणों पर चर्चा करने के लिए नई दिल्ली में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मनोचिकित्सक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे जो अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। इसके बाद बढ़ती आत्महत्या दरों पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति विकसित की जाएगी। छात्रों की आत्महत्या के मामले में, कुछ कोचिंग सेंटर छात्रों पर दबाव कम करने के प्रयास कर रहे हैं। काउंसलिंग सेवाएँ शुरू की गई हैं, और छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता को इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तीव्र तनाव को कम करना है। हालाँकि, छात्रों पर पड़ने वाले भारी बोझ को कम करने के लिए संस्थागत और सामाजिक दोनों स्तरों पर अधिक व्यापक उपायों की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट है कि 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने आत्महत्या की। यह आँकड़ा चौंकाने वाला है और युवाओं के सामने आने वाले मानसिक स्वास्थ्य संकट का संकेत देता है। यह माता-पिता, शिक्षकों और समाज के लिए एक ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है जो छात्रों को बिना किसी दबाव के अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की अनुमति देता है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी ([illegible]) के सामाजिक कार्यकर्ता भाई सोलोमन जॉर्ज भी इसी भावना को दोहराते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, आय या जाति के बारे में अनावश्यक तुलना या पूछताछ का सामना नहीं करना चाहिए।

इस तरह की हरकतें, अक्सर अनजाने में, बच्चे के आत्मसम्मान को कमज़ोर कर सकती हैं और निराशा की ओर ले जा सकती हैं। जॉर्ज शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की वकालत करते हैं जो शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य का पोषण करता है। वह इस बात पर भी ज़ोर देते हैं कि बच्चों को सफलता के पूर्वनिर्धारित ढाँचों में मजबूर होने के बजाय अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप करियर चुनने की आज़ादी होनी चाहिए। आत्महत्या की महामारी सिर्फ़ छात्रों तक ही सीमित नहीं है। व्यवसायी भी वित्तीय घाटे के कारण अपनी जान ले रहे हैं। एनसीआरबी ने यह भी खुलासा किया है कि 2020 में, कोविड-19 महामारी के चरम के दौरान, भारत में 11,716 व्यवसायियों ने आत्महत्या की। यह 2019 से 29न की वृद्धि को दर्शाता है जब 9,052 व्यवसाय-संबंधी आत्महत्याएँ दर्ज की गई थीं। महामारी के कारण आई आर्थिक उथल-पुथल ने व्यवसायों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों को बहुत बड़ा झटका दिया। पहले से ही वित्तीय झटकों की चपेट में आए ये उद्यम कर्ज और घाटे के बोझ तले दब गए। कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जिसमें 1,772 मौतें हुईं - पिछले वर्ष की तुलना में 103न की चौंका देने वाली वृद्धि। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जहां क्रमश: 1,610 और 1,447 मामले सामने आए।

मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चाओं में अक्सर भारत के व्यापारिक समुदाय, विशेष रूप से एसएमई की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। छात्रों, व्यापारियों और अन्य लोगों में आत्महत्या के मुद्दे को अब और नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यह ज़रूरी है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं।

## आप की बात

### जम्मू कश्मीर चुनाव

**जम्मू कश्मीर** में हो रहे विधानसभा चुनाव में विभिन्न दल सक्रिय हो गए हैं। इनमें से नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी व कई अन्य के घोषणापत्र में कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू करने, कुछ विशेष स्थानों के नाम बदलने से लेकर कई तरह की विभाजनकारी बातें कही गई है। चुनाव घोषणापत्रों पर चुनाव आयोग को स्वत: संज्ञान लेते हुए चुनावी घोषणापत्र में से राष्ट्र-विरोधी और अवांछित बातों को हटाने, चुनावी सभाओं में भड़काऊ भाषणबाजी करने पर तथा प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों के निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगानी चाहिए। वैसे तो निर्वाचन आयोग स्वयं को मिले अधिकारों के अंतर्गत ऐसी कार्रवाई स्वयं कर सकता है, लेकिन यदि ऐसा न हो तो राजनीतिक दलों व मतदाताओं को उससे अपील करनी चाहिए। यह अलगाववादी बुलेट के बजाय बैलेट के दम पर निर्दलीय रूप से चुनाव जीतकर बाद में नैशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी से हाथ मिलाकर सत्ता में आ जाते हैं तो कश्मीर घाटी एकबार फिर से आतंकवादियों की शरणस्थली बन जाएगी। ऐसी स्थिति से बचाने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है। यह जिम्मेदारी कश्मीरी जनता की भी है कि वह ऐसे राष्ट्र-विरोधी तत्वों की सभाओं और अपीलों को चुनाव अभियान के दौरान ही अस्वीकार कर दे।

-**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### ट्रंप-हैरिस डिबेट

**आखिरकार** डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच 90 मिनट की जीवंत टीवी डिबेट का सफल आयोजन हुआ। अमेरिका समेत दुनिया में करोड़ों लोगों ने इसे देखा। इस तीखी बातचीत में हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति पर व्यक्तिगत हमले भी किए। इस बहस के अधिकांश हिस्से ने हैरिस द्वारा अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी को उनके पिछले आचरण और टिप्पणियों का विस्तृत बचाव करने के लिए बाध्य कर दिया। गर्भपात के मामले में कमला ने ट्रम्प को बचाव की मुद्रा में ला दिया और वे कई बार निरुत्तर हो गए। ट्रंप का एक मात्र पसंदीदा मुद्दा अवैध आप्रवास था। वे इस पर व्यापक बहस चाहते थे मगर कमला ने बड़ी चालाकी से कहा कि ट्रम्प के कार्यकाल में भी आप्रवासियों का आना जारी था। इससे ट्रम्प को रक्षात्मक रुख अख्तियार करने को बाध्य कर दिया। बहस के खत्म होने के बाद अमेरिका की सबसे लोकप्रिय गायिका टेलर स्विफ्ट ने कमला हैरिस को वोट देने का एलान कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों में से अधिकांश का मानना है कि कमला हैरिस चुनाव प्रचार के मामले में ट्रंप से बहुत आगे निकल गई हैं जिसमें इस टीवी बहस ने भी अपना योगदान दिया है। इसके बाद आने वाले जनमत सर्वेक्षणों पर गौर करना होगा।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### कश्मीर का माहौल

**कांग्रेसी** नेता और पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने अपनी किताब राजनीति के पांच दशक के विमोचन पर कहा कि गृहमंत्री रहते हुए भी मैं श्रीनगर के लाल चौक जाता था, वहां घूमता, लोगों से मिलता तो लोग कहते थे कि हमारे गृहमंत्री बहुत निडर हैं, किन्तु अंदर ही अंदर मैं भयभीत रहता था। इस खुलासे से जहाँ कांग्रेस घिरती नजर आ रही है वहीं भाजपा नेता लाल चौक पर राहुल-प्रियंका के घूमने व कश्मीर की वादियों में उनकी मनोरंजक अठखेलियों को लेकर कांग्रेस पर हमला कर रहे हैं। पहले यूपीए सरकार के गृहमंत्री तक वहां जाने से डरते थे, जबकि धारा 370 हटने के बाद कांग्रेसी नेता निर्भय होकर पूरे कश्मीर में आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्ष के नेता राहुल गांधी जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेस से समझौता कर धारा 370 फिर लाने की बात कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कांग्रेस धारा 370 क्यों पुन: लागू करना चाहती है। कांग्रेस की इस दोमुंही नीति की निन्दा करते हुए गृहमंत्री अमित शाह स्पष्ट कह चुके हैं कि धारा 370 की वापसी राज्य सरकार के लिए संभव नहीं है और राहुल गांधी तथा फारूक व उमर अब्दुल्ला वोट पाने के लिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विपक्ष के दांवपेंच

**मोदी सरकार** का बिना किसी अड़चन के तीसरा कार्यकाल सुचारू रूप से चल रहा है। लेकिन इसमें रोड़े अटकने के लिए विपक्ष तरह-तरह के मुद्दे उछल रहा है। जातिगत जनगणना हो भी जाती है तो गरीबों को इससे कुछ मिलने वाला नहीं है। यह सारी कवायद सिर्फ वोट की राजनीति मात्र है। यदि आरएसएस का जातिगत जनगणना से सहमत होना उसकी विचारधारा है तो बीजेपी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मगर विपक्ष की असल मंशा जनगणना के परिणाम आने के बाद लोगों में भ्रम फैलाकर असंतोष पैदा करने की है ताकि लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर सके। लेकिन इससे अनेक स्थापित दलित व ओबीसी नेताओं को कठिनाई भी हो सकती है क्योंकि उनकी जातियों ने एससी व ओबीसी के आरक्षण पर दबंगई से कब्जा कर रखा है। ये नेता एससी, एसटी व ओबीसी के उप-वर्गीकरण तथा क्रीमी लेयर लागू करने के घोर विरोधी हैं जिसका सुझाव सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने दिया है। आरएसएस ने जातिगत जनगणना के पक्ष में राय देकर विपक्ष के हाथ से एक मुद्दा छीन लिया है।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 3 महीने के बाद भी गर्ल्स हायर सेकंडरी और बेसिक स्कूल की उखाड़े छज्जे का नहीं हुआ काम शुरू

## आंधी तूफान से उखड़े छज्जे के मरम्मत के लिए लोक शिक्षण संचालनालय विभाग को भेजा गया है प्रस्ताव पर अभी तक नहीं मिली राशि







दिनेश दुबे ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला मुख्यालय में स्थित गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल एवं बेसिक स्कूल जैसे पुराने भवनों का छज्जा आंधी तूफान से उखड़ने के 3 महीने गुजरने के बाद भी अभी तक वहां पर न तो किसी भी तरह का कोई काम शुरू नहीं हो पाया है और न ही स्थानीय स्तर पर शासकीय विभाग अथवा निजी स्तर पर किसी तरह की कोई राशि स्वीकृत नहीं हो पाया है। परिणामस्वरुप स्कूल के दरवाजे खिड़की गायब हो गया है। यद्यपि जिला शिक्षा विभाग के द्वारा इस संबंध में विभागीय तौर पर बजट की राशि के लिए लोक शिक्षण संचनालय को प्रस्ताव भेजा गया है, परंतु 3 महीने गुजर जाने के बाद भी लोक शिक्षा संचानालय के द्वारा किसी भी तरह की कोई राशि स्वीकृत नहीं कर पाया है। जबकि बेसिक स्कूल एवं हायर सेकेंडरी हायर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 12 कमरा का छज्जा पूरी तरह से उखड़ गया है जहां पर विद्यार्थियों का बैठने मुश्किल है। ऐसी स्थिति में जब की स्कूल को खुले तीन महीने होने जा रहा है उसके बाद भी विभाग ने कमरे के छज्जा बनाने के लिए राशि स्वीकृत करने में सफल नहीं हो पाई है जिसके कारण न केवल बच्चे बल्कि बच्चों के पालक भी छज्जे विहीन स्कूलों में अपने बच्चों को अध्ययन/अध्यापन कराने के लिए भेजने पर मजबूर हैं और शिक्षक भी स्कूल में जगह की कमी के बाद भी किसी तरह से बच्चों को अध्ययन/अध्यापन का काम कर रहे हैं। शासन के द्वारा भले ही लोगों को शिक्षित करने के लिए अपने स्तर पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो अथवा 2024-25को सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मनाया जा रहा हो किंतु यह कड़वा सच है कि जहां पर खर्च करने की जरूरत है वहां पर शिक्षा विभाग के द्वारा उदासीनता बरती जाती है। परिणामस्वरुप जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं तो कहीं पर संसाधनों की कमी है परंतु सबसे बड़ी सोचनीय तथ्य यह है कि जिला मुख्यालय में बीते 4 जून की रात अचानक भयंकर आंधी तूफान आने से बेसिक स्कूल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के विभिन्न कमरों का छज्जा न केवल उखड़ा गया बल्कि उखाड़ कर दूर-दूर तक चला गया था जिससे छज्जा पूरी तरह से बेकार हो गया इसके अलावा बहुत पेड़ पौधे भी गिरे और विद्युत अवरोध उत्पन्न हुआ था और घटना के दूसरे दिन जिस सक्रियता से जिला प्रशासन के अलावा स्थानीय स्तर के नेता जन प्रतिनिधि सब प्रभावित स्थानों में पहुंचे और स्थल का मुआयना किया गया। इस सक्रियता के साथ यदि संबंधित स्थल पर मरम्मत का काम कराया गया होता तो उखाड़े, हुए छज्जा वाले कक्षा का मरम्मत हो जाता और वहां पर नव निहाल बच्चे अध्ययन अध्यापन का कार्य करते किंतु स्थल मुआयना करने के बाद किसी भी के द्वारा किए कार्यवाही का परिणाम अभी तक धरातल पर किसी तरह कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। कुल 17 कमरा का छज्जा पूरी तरह से उखड़ गया है। हायर सेकेंडरी स्कूल एवं गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सीनियर बेसिक स्कूल भवन के कुल 12 कमरों के छज्जा आंधी तूफान से पूरी तरह से उखाड़ कर दुर जाकर गिर गया था, जिसमें गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में 6 कमरा तथा एक कीड़ा विभाग के लिए बनाया गया कमरा शामिल है इसके अलावा दोनों तरफके बरामदा में लगे छज्जा पूरी तरह से उखड़ गया है। इसी तरह से बेसिक स्कूल भवन के पांच कमरा का छज्जा पूरी तरह से उखड़ गया है एवं बरामदा का भी यही हाल है जबकि जिला शिक्षा विभाग के भी 5 कमरा का छज्जा एवं पार्किंग स्थल का छज्जा उखाड़ कर गिर गया था।

### 1600 हायर सेकेंडरी में 400 बच्चे बेसिक स्कूल में पढ़ते हैं

कमरों का छज्जा उखड़ने के बाद भी अभी भी दोनों स्कूलो में बच्चों को पढ़ाया जाता है इस संबंध में जानकारी मिली है कि है गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 1300 बालिका अध्ययन अध्यापन करते हैं वहीं इस स्कूल के मिडिल विभाग में करीब 300 बच्चे पढ़ते हैं जबकि सीनियर बेसिक स्कूल भवन के पांच कमरे में 163 बच्चे मिडिल स्कूल में है तथा 256 विद्यार्थी प्राइमरी स्कूल में अध्ययन अध्यापन का काम करते हैं चूंकि कमरे की समस्या है। इस कारण से मिडिल और प्राइमरी को अलग-अलग समय पर संचालित किया जाता है। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स हायर सेकेंडरी में भी ऐसी व्यवस्था बनाई गई है।

### मरम्मत हेतु दो करोड़ का भेजा गया है प्रस्ताव, नहीं मिली है मंजूरी

गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सीनियर बेसिक स्कूल एवं जिला शिक्षा विभाग के कमरों के छज्जा के लिए लगभग सवा करोड रुपए का प्रस्ताव लोक शिक्षण संचनालय को भेजा गया है। इस संबंध में जानकारी मिली है कि घटना के तत्काल मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया जिसमें गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के लिए लगभग एक करोड़ 58 लाख रुपए का प्रस्ताव गया है। वहीं बेसिक स्कूल भवन के लिए 16 लाख का प्रस्ताव है तथा जिला शिक्षा विभाग कार्यालय के लिए 32 लाख का प्रस्ताव लोक शिक्षण संचनालय को भेजा गया है लेकिन लगभग 3 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक लोक शिक्षण संचनालय के द्वारा किसी भी प्रकार की राशि को मंजूरी नहीं दिए जाने की जानकारी मिली है।

तीनों स्थानों के लिए शासन को बजट बनाकर भेज दिया गया है इसमें गर्ल्स हायर सेकेंडरी भवन को डिस्मेंटल करके नया भवन हेतु एक करोड़ 58 लाख रुपए का, बेसिक स्कूल के लिए 16 लाख एवं डीईओ कार्यालय के लिए 32 लाख रुपए की राशि रखी गई है।

**डॉक्टर कमल कपूर बंजारे**
**जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा**

# बेहतर समाज के निर्माण में सामाजिक विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण : घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में 9 सितंबर से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के 120 शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण के संबंध में डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण समाज का प्रशिक्षण है। सामाजिक अध्ययन शिक्षण का उद्देश्य छात्रों को उनके सामाजिक वातावरण में समायोजित करने में सक्षम बनाना है। जिसमें परिवार, समुदाय, राज्य और राष्ट्र और वास्तव में संपूर्ण मानवता शामिल है। सामाजिक विज्ञान लोगों के अध्ययन और एक दूसरे के साथ उनकी बातचीत है। उन्होनें कहा कि इस वर्ष को हम सब शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मना रहे है। इसी कारण से डाइट संस्थान के माध्यम से लगातार विषय वार शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन का मुख्य लक्ष्य यह बेहतर ढंग से समझना है कि हम अपने समाजों और समुदायों में कैसे सुधार ला सकते हैं। साथ ही इसमें व्यक्ति की भूमिका क्या है।इसके अंतर्गत मानव समाजों का अध्ययन किया जाता है। सामाजिक विज्ञान छात्रों को सकारात्मक परिवर्तन लाने और व्यक्तियों और समुदायों की भलाई में सुधार करने के लिए ज्ञान का लाभ उठाने में मदद करता है। हम बेहतर समाज बनाने में कैसे मदद कर सकते हैं। डाइट प्राचार्य ने मां को सामाजिक विज्ञान से जोड़ते हुए कहा कि मां है तो ज्ञान है, मां है तो विज्ञान है, मां है तो भगवान है, और मां है तो सामाजिक विज्ञान है। मां है तो दुनियां की सारी समस्याओं का समाधान है। इससे बड़ा कोई सामाजिक विज्ञान नहीं है। मास्टर ट्रेनर्स दीपचंद देवांगन के द्वारा सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापन में आने वाली कठिनाइयां पर बिंदु वार चिन्हांकित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स हेमलता बंजारे के द्वारा 8 पॉइंट पर चर्चा की गई। समूह बनाकर गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साथ ही भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा और इन रेखाओं से गुजरने वाले देशों के नाम पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट बेमेतरा की व्याख्याता यमुना जांगड़े हैं तथा मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे डीआरजी हेमलता बंजारे व्याख्याता शासकीय उ मा वि बहेरा, दीपचंद देवांगन व्याख्याता शासकीय बालक उ मा वि नवागढ़ तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत बिहारी और विजय है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रथम बच्चे पर हितग्राही माता को किश्त में पांच हजार जमा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अल्प पोषित माता अधिकांशतः कम वजन वाले शिशुओं को जन्म देती है, जब कुपोषण गर्भाशय में ही शुरू हो जाता है, तो पूरे चक्र में चलता रहता है। उपरोक्त परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए देश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लागू की गई है। इसी क्रम मे कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले मे योजना अन्तर्गत शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु 02 सितंबर 2024 से 16 सितंबर 2024 तक विशेष अभियान का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किया जाकर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर प्रचार-प्रसार करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना अन्तर्गत प्रथम बच्चे पर हितग्राही माता को सीधे उनके खाते में 02 किश्त में कुल 5,000/-रू. जमा की जाती है। प्रथम किश्त गर्भावस्था के 06 माह के अंदर पहली किश्त 3000/-रू. तथा दूसरी किश्त की राशि 2,000/-रू. बच्चे के जन्म पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हेपेटाईटिस-बी या इसके समानान्तरण/ विकल्प का प्रथम चक्र का टीका लगाए जाने के पश्चात् देय होगा तथा द्वितीय संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6,000/-रू. प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना अन्तर्गत कुल 3971 हितग्राहियों का पंजीकरण किया गया है जिसमें प्रथम बच्चे पर प्रथम किश्त से 3422 एवं द्वितीय किश्त से 1332 हितग्राहियों तथा द्वितीय बच्चे बालिका अन्तर्गत 1136 हितग्राहियों को कुल राशि रू. 1,97,46,000/-रू. प्रदाय किया गया है। योजना का लाभ लेने एवं अधिक जानकारी हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सम्पर्क कर सकते है।

# ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 क्लस्टर के बिहान समूह में कार्यरत पीआर पी को हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



आदिवासी जनपद के ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 क्लस्टर के बिहान समूह में कार्यरत पीआर पी को हटाने की मांग को लेकर भर्रीटोला गांव के लोगों ने 11 सितम्बर को 4 घण्टे तक जनपद पंचायत डौंडी का घेराव कर रखा था। शाम को एसडीएम और सीएसपी द्वारा पीआरपी को भर्रीटोला क्लस्टर से हटाए जाने के आदेश हाथ में मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन खत्म किया ग्रामीण दोपहर साढ़े 12 बजे ग्रामीण जन डौंडी के रेस्टहाउस से रैली निकालकर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए 1 बजे डौंडी जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए पीआरपी को हटाने की मांग करते रहे। इसी बीच सीईओ डीडी मंडली पीआरपी को भर्री टोला से हटाने का आदेश जारी किया जिस पर ग्रामीण भर्रीटोला क्लस्टर तथा डोंडी ब्लॉक से हटाने की मांग पर अड़ गए। इस तरह बात बढ़ती गई और ग्रामीण भी अपने जिद पर अड़े रहे ग्रामीण भी गेट पर बैठे रहे तथा किसी भी व्यक्ति को जनपद पंचायत के बाहर के अंदर नहीं आने जाने दे रहे थे। शाम 4:00 बजे एसडीम आरके सोनकर, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा पहुंचकर ग्रामीणों की मांग के अनुसार हटाने पीआरपी मोनिका पटेल को हटाने पर दोनों पक्ष में सहमति बनी और उसे खंड मुख्यालय डौंडी के बिहान शाखा में अटैच किया गया है। इसके बाद ग्रामीण सवा 5 बजे धरना प्रदर्शन खत्म कर उठे गांव के सरपंच अनिता रेवा रावटे, राजेश रावटे, जितेन्द्र, गवर्नर दुलार चिदा ने बताया की 7 मार्च 2023 को ग्राम भरीटोला में महिला संगठन बिहान के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीआरपी मोनिका पटेल द्वारा आदिवासी बालिकाओं को उनका जाति पूछ कर कार्यक्रम से वंचित कर दिया था। बच्चियाँ रोती बिलखती घर पहुंचकर अपने परिजन को घटना के बारे में बताया जिस पर पालक द्वारा मामले को ग्रामसभा में लाया गया। जहां पर पीआरपी को ग्राम सभा में बुलाकर जानकारी ली गई। टीआरपी मोनिका पटेल के द्वारा ग्राम सभा को संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाई, इसलिए ग्राम सभा ने फैसला लिया कि उनके कृत्य की जांच की मांग प्रशासन से करेंगे जिसमें जांच भी हुई परंतु रिपोर्ट आने के बाद भी जनपद पंचायत द्वारा कार्यवाही नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी वे लोग जनपद पंचायत डौंडी में आकर इस मामले के बारे में पत्र दिए थे जिस पर भी कार्रवाई नहीं करने की वजह से उन लोगों को जनपद पंचायत डौंडी का घेराव करना पड़ा। धरना प्रदर्शन में गांव के दुष्यंत भुआर्य, शशिबाई, ताराबाई, राणा संगीता भंडारी, मीराबाई ताराबाई, खिलेंद् भुआर्य अनिल सुथार, राजेश चुरेन्द्र सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल रहे।

# संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाए रायपुर दुर्ग संभाग ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की ली समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा अंतर्गत संभीगय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें रायपुर दुर्ग संभाग डॉ एम पी महिश्वर की अध्यक्षता में बेमेतरा जिला के स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें जिले की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रसंशा व्यक्त किया गया। इसके साथ ही जिन कार्यक्रमों में प्रगति कम है, उन्हे शीघ्र ही बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिले के सभी जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने एवं सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मीयों को बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया। विकासखण्ड बेमेतरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में क्वालीफाईड होने पर बधाई दी गई। बैठक के दौरान संभागीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ विजय कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़, सिविल सर्जन डॉ संत राम चुरेंद्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे राष्ट्रीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रमुख सलाहकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

# छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने माँगो को लेकर तहसीलदार डौण्डी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अह्वान में विकासखंड डौण्डी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपनी चार सूत्रीय माँगो को लेकर मुख्यमंत्री छग शासन के नाम से तहसीलदार डौण्डी को ज्ञापन सौंपा गया। केन्द्रीय कर्मचारीयों की भांति राज्य कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता दिया जाए, चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए, केन्द्र के समान गृह भाडा भत्ता दिया जाए, 300 दिन अर्जित अवकाश दिया जाए ज्ञापन सौपने वालों में लेख राम साहू, मिर्चा बेग, रेखू राम साहू, ओंकार बलेन्द, जग प्रसाद वर्मा, सी के कोठारी, एल के बांधे, भीषम साहू, गिरजा शंकर साहू, ओमन मारकंडे, सहित कर्मचारीगण शामिल हैं।

# बेमेतरा में विश्व के सबसे ऊंचे बांस टावर के उद्घाटन में मुख्यमंत्री को किए आमंत्रित

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी होंगे मुख्य अतिथि, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम शामिल होगा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय बांस दिवस के अवसर पर 18 सितंबर को कठिया, बेमेतरा में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा निर्मित विश्व के सबसे ऊँचे बम्बू टावर के उद्घाटन और उस टावर में भारत देश के ध्वजारोहण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ेंगे और इसी कार्यक्रम में अध्यक्षता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, भव्य सृष्टि उद्योग के संस्थापक गणेश वर्मा, समाधान महाविद्यालय के संचालक डॉ अवधेश पटेल, एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ के चेयरमैन भीमशंकर यादव और इंजीनियर मनन पटेल ने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किए है और भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा निर्मित बांस के वर्ल्ड फर्स्ट बम्बू क्रैश बैरियर, बाहुबल्ली और आवर्तनशील विधि से बनाए जा रहे चारकोल, विनेगर आदि प्राकृतिक उत्पादों की चर्चा की और इनकी संभावनाओं को छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए आय बढ़ाने वाला और धरती के लिए यह कैसे प्राकृतिक रूप से उपयोगी है इस बारे में विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उद्योग को देखने समझने की इच्छा जाहिर की और इस भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा बांस के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री, अध्यक्षता डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथिगण विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, दयाल दास बघेल खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री, विजय बघेल सांसद, दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, भावना बोहरा विधायक पंडरिया, ईश्वर साहू विधायक साजा, बिसराराम यादव पूर्व प्रांत संघ चालक, चंद्रशेखर वर्मा प्रदेश कार्याध्यक्ष, शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, ओमप्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा, एवं सोनल शर्मा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल होंगे। एवं विश्व के इस सबसे ऊंचे बम्बू टावर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करेंगे और प्रमाण पत्र भी देंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बांस के क्षेत्र में उनके विजन को, संभावित संभावनाओं को छत्तीसगढ़ सहित समूचे भारत देश के लिए भी बहुत उपयोगी बताए। भव्य सृष्टि उद्योग के संस्थापक गणेश वर्मा ने मुख्यमंत्री को बताए कि बेमेतरा छत्तीसगढ़ में निर्माणरत स्टील के विकल्प के रूप में बांस के इन उत्पादों को क्रैश बैरियर को, बाहुबल्ली को भारत सरकार ने विधिवत परीक्षण कर प्रमाणित किए हैं और इसे अब तक कुल 15 पेटेंट प्राप्त हो चुका है। जो छत्तीसगढ़ के साथ साथ भारत देश के लिए गौरव की बात है।

# टोल वसूली के विरोध में बैठे सत्याग्रह करने मुकेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के छोर पर खारुन नदी के तट पर निर्मित टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा टोल टैक्स लगातार लिया जा रहा है, यह पूर्ण रूप से अनुचित एवं अनैतिक कार्य है ऐसा समाजसेवी मुकेश तिवारी का कथन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना अनुसार सड़क निर्माण में लगे पूर्ण राशि प्राप्त कर लेने के पश्चात संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग को नियमानुसार मुक्त कर दिया जाता है किंतु यहां ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। मार्गों की दयनीय दशा देखकर स्पष्ट हो जाता है कि रख रखाव के नाम पर लिए जाने वाली राशि का दुरुपयोग हो रहा है, इसके लिए उत्तरदाई कौन होगा यह प्रश्न बना हुआ है। लेकिन इन सब के बावजूद वाहन स्वामियों से लगातार टोल टैक्स वसूला जा रहा है जो अनुचित है। लगभग 20 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस मार्ग को निश्चित ही इस मार्ग के निर्माण पर वह लागत तो ब्याज सहित वसूल की जा चुकी होगी, ऐसी स्थिति में अब भी वाहन स्वामियों से टैक्स लेना नियमतः असंवैधानिक है। इन्हीं समस्याओं का निवारण करने के लिए आम जान की तकलीफों को दूर करने के लिए समाजसेवी मुकेश तिवारी जो की दुर्ग निवासी हैं ने 11 सितंबर से टोल प्लाजा के समय सत्याग्रह आंदोलन छेड़ दिया और अनशन पर बैठ गए साथ ही उनके द्वारा पोस्ट कार्ड हस्ताक्षर अभियान के अन्तर्गत लोक हस्ताक्षरयुक्त विरोध पत्र एवं समस्या समाधान हेतु केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजा जाएगा। एक सूत्रीय मांग यह है कि छत्तीसगढ़ के सभी वाहनों पर टैक्स नहीं वसूला जाए। उन्होंने बताया कि उनके इस आंदोलन को दुर्ग साहू समाज ने भी अपना समर्थन दिया है इसके अलावा स्थानीय लोग भी अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही इसे बंद करने की बात कही है बंद ना करने की स्थिति में वे आमरण अनशन करेंगे। जिसकी जानकारी पवन सिंह ठाकुर तहसीलदार भिलाई 3 एवं कुम्हारी थाना प्रभारी जे आर कुर्रे को हुई। तत्काल धरना स्थल पर पहुंचे और सत्याग्रही को समझाते बुझाते हुए उनकी मांगों को सुना साथ ही टोल प्लाजा के अधिकारियों से मिलकर बातचीत की और उनसे जानकारी प्राप्त की और समस्त जानकारी को अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही, और जो भी निर्णय होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी ऐसा उन्होंने कहा। इस संबंध में टोल प्लाजा मैनेजर दिलीप सिंह का कहना है कि टोल वसूली एनएचआई के गाइड लाइन के अनुसार ही की जा रही है इससे संबंधित सभी दस्तावेज तहसीलदार साहब को दे दिया गया है यह शुल्क पूर्व तयशुदा शुल्क से कम है। स्थानीय लोगों को विशेष रियायत भी दी जा रही है पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है ऑनलाइन सभी लेनदेन होते हैं जिसे नहीं के वेबसाइट पर देखा जा सकता है। लगातार टैक्स वसूली की बातें जनता द्वारा की जाती रही है और इस पर स्थानीय लोगों ने भी आपत्ति उठाई थी और जब समाज सेवी मुकेश तिवारी ने आंदोलन प्रारंभ किया तो सभी ने उनका समर्थन किया और उनके इस समर्थन पर सभी ने अपनी शान्तिपूर्ण सहमति प्रदान की। दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक तहसीलदार भिलाई 3 धरना स्थल पर डटे हुए थे और हर संभव आंदोलन समाप्त करने के लिए समझा रहे थे साथ ही उनके अनशन पर जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराना चाह रहे थे।



# सर्वोदय पब्लिक स्कूल चंद्रपुर की छात्रा का हुआ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अण्डर 17 बालिका वर्ग में सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर के कु. अम्बे पटेल का चयन हुआ है,स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता जिसे शारीरिक दक्षता के लिए जाना जाता है। सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं कामर्स संकाय में अध्ययनरत छात्रा कु. अम्बे पटेल अण्डर 17 बालिका वर्ग, विकास खंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से कबड्डी टीम से खेलने गयी। विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हाने के पश्चात कु. अम्बे पटेल (आल राउंडर) का चयन जिला स्तर के लिए हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता पर उसके अच्छे प्रदर्शन से वह सक्ती जिला की ओर से बिलासपुर संभाग के लिए चयनित हुई। संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 05 सितम्बर को बहतराई इन्डोर स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी बालिका ने अपने शारीरिक कौशल का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की जिससे उसका चयन अब राज्य स्तर के लिए हुआ है। कु. अम्बे पटेल अब विद्यालय के साथ ही पूरे बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना पराक्रम दिखायेगी। इस अवसर पर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण पण्डा ने बालिका को पुष्प गुच्छ से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ विभिन्न खेलों के लिए भी सारी सुविधाँए उपलब्ध है, निरंतर प्रयास के कारण हमारे विद्यार्थीगण उच्च स्तर पर चयनित होकर विद्यालय के साथ पुरे अंचल का नाम रोशन करते है। कुछ दिवस पूर्व ही शतरंज प्रतियोगिता में भी 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ था,इस अवसर पर विद्यालय के संचालक किशोर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल व सुश्री वंशिता अग्रवाल ने भी बालिका को शुभकामना संदेश दिया। साथ ही उन्होनें विद्यालय के शारीरिक शिक्षक लोचन प्रकाश पटेल के साथ पूरे विद्यालय परिवार बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उस कठिन परिश्रम के परिणाम का समय है जिसके कारण यह खुशी का अवसर आया है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में खराबी आने पर मरम्मत में कोताही

**रायगढ़।** इलेक्ट्रिक स्कूटी में खराबी आ जाने के कारण विक्रेता बालाजी इलेक्ट्रिकल के द्वारा वाहन में सुधार न कर तथा क्रेता को बार-बार भटकाते हुए सेवा में कमी के मामले में उपभोक्ता फोरम नें बालाजी इलेक्ट्रिल को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए वाहन के मरम्मत कराने तथा दस हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। आवेदिका का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदिका ने 24 जुलाई को बालाजी इलेक्ट्रिक द्वारा संचालित एम्पेरे शोरूम से जिल एक्स स्कूटी क्रय की थी। 9 मार्च 2024 की रात अचानक रास्ते में फूल चार्ज होनें के बावजूद बंद हो जाने एवं निरंतर प्रयत्न करने के बावजूद चालू नही होनें से अन्य लोगों की मदद से आवेदिका वाहन को घर लायी और 10 मार्च की सुबह उसने उक्त वाहन को अपने पति के हाथों मरम्मत हेतु संस्थान में पहुंचाया तो वाहन आधिपत्य में लेकर शाम तक बैठाया गया। आखिर में तकनीकी हवाला देते हुए वापस भेज दिया गया। इसी तरह तीन माह तक उन्हें कोई न कोई बहाना बताकर पावती देने से इंकार किये जाने पर 14 मार्च को वाहन का आधिपत्य मांगा जाकर अन्यत्र मरम्मत कराने की बात कहने पर जाब कार्ड प्रदान किया गया।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से अनिल कश्यप को मिला नया जीवन, शासन-प्रशासन के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना जिले के ग्राम जरहागांव के अनिल कश्यप के लिए वरदान बन गया है। लीवर के सफल ऑपरेशन के बाद उन्हें नया जीवन मिला है। बता दें कि कश्यप को विगत 3-4 साल से लीवर संबंधी समस्या के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसका उपचार कराने के लिए वह कई निजी अस्पतालों का चक्कर भी लगा चुके थे, लेकिन उपचार में अत्यधिक राशि लगने के कारण उनके लिए ईलाज कराना सम्भव नहीं था। इसी बीच में वह जिला चिकित्सालय में गए, जहां चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि उनका लीवर काफी खराब हो चुका है, तत्काल ऑपरेशन कराना पड़ेगा। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद कश्यप ने योजना का लाभ लेने के लिए पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया, जिसके अंतर्गत 18 लाख रूपए की सहायता राशि से श्री कश्यप ने हैदराबाद में लीवर का सफल ऑपरेशन कराया और अब वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के ईलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की शुरूआत की गई है। योजना के

## ससुराल जाने निकले युवक की रास्ते में हो गई मौत

**रायगढ़।** ससुराल जाने निकले युवक की सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ड्रीलिंग मशीन से टकरा जाने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना छाल थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हाटी निवासी युवक जागर सिंह ने बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। कल दोपहर उसका छोटा भाई रेशमलाल राठिया अपने एसपी साइन होण्डा मोटर सायकल क्र. सीजी 13 एआर 2391 से ग्राम हाटी से मनुंद अपने ससुराल जा रहा हूं कहकर घर से निकला था।

# वायु प्रदूषण के नियंत्रण प्रदर्शन में-चांपा की होनहार छात्रा अंशिका अग्रवाल ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



अकलतरा में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेला व वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की होनहार छात्रा अंशिका अग्रवाल ने विषय (साइंस प्रोजेक्ट वायु प्रदूषण के नियंत्रण) प्रदर्श मॉडल बनाकर एवं इस विषय पर शानदार (प्रेजेंटेशन) देते हुए (रनर अप) द्वितीय स्थान रही, अंशिका बरपाली चौक डागा कॉलोनी चांपा निवासी अजय मधु अग्रवाल की सुपुत्री है इस सफलता पर उनके दादा- दादी रोशन लाल, कमला देवी अग्रवाल अंशिका का छोटा भाई लक्ष्य एवं उनके (ताऊ विजय अग्रवाल) पूरे परिवार के साथ- साथ स्कूल के प्राध्यापक गणों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है और आपको यह बताते चलें कि (पिछले वर्ष) भी अंशिका ने विषय (रैन हार्वेस्टिंग जल संरक्षण) पर बेहतरीन (प्रेजेंटेशन) देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था अपने स्कूल, जिले, व संभाग, में (प्रथम) एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता डोंगरगढ़, में शानदार उपलब्धि (द्वितीय स्थान) हासिल की थी।

# बाराद्वार पुलिस ने दर्ज किया आबकारी एक्ट का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




पुलिस थाना - बाराद्वार के अपराध क्रमांक 210/24 धारा 34(2) आब. एक्ट में अवैध रूप से शराब कब्जे में रखने वाले आरोपी 09 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ थाना बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है,नाम आरोपी-शिवकुमार बंसल पिता रामशरण बंसाल उम्र 33 साल निवासी मुक्ताराजा थाना-बाराद्वार जिला सक्ती छ.ग. है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियो को लगातार अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले शराब कोचियों पर अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही करने की निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदशन पर 11.09.24 को मुखबीर के द्वारा ग्राम मुक्ताराजा शिवकुमार बंसल अपने घर के सामने अवैध शराब बिक्री करने हेतु कच्ची महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना देने पर मुखबीर के बताये स्थान मे जाकर ततकाल रेड कार्यवाही कर आरोपी शिवकुमार बंसल पिता रामशरण बंसाल उम्र 33 साल निवासी मुक्ताराजा थाना-बाराद्वार जिला सक्ती छ.ग. के कब्जे से 02 पीला रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में कुल करीब 09 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्यवाही कर आबकारी अधिनियम का सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश खलखो, प्र.आर. 35 राजेश पैकरा, आर. अजय बंजारे, घनश्याम पाण्डेय, योगेश कुमार, सैनिक राजेश कंवर का विशेष योगदान रहा।

# इलावती खटर्जी को दी श्रद्धांजलि, छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की शक्ति जिला इकाई ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन जिला इकाई शक्ति के वरिष्ठ सदस्य एवं पत्रकार रवि खटर्जी धमनी हसौद की पूज्य माताजी इलावती खटर्जी के निधन पर 12 सितंबर को आयोजित दशकर्म कार्यक्रम में यूनियन की जिला इकाई शक्ति के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल के साथ पदाधिकारी- सदस्यों ने उनके गृह ग्राम धमनी पहुंचकर अपनी पुष्पांजलि अर्पित की, तथा इस दौरान खटर्जी परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संवेदना पत्र भी प्रेषित किया गया तथा इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन जिला इकाई शक्ति के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, जिला संरक्षक अमरलाल अग्रवाल (ठेकेदार) सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे तथा जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि आपकी पूज्य माताजी के निधन से यूनियन परिवार को काफी गहरा दुख पहुंचा है, एवं हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपकी पूज्य माताजी की मृतात्मा को शांति प्रदान करते हुए ईश्वर स्वर्ग लोक में अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दें।

# युवक की हत्या मामले में पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में मजदूरी के विवाद के चलते हुई एक दुखद घटना में 22 वर्षीय हेमसिंह बैगा की मृत्यु हो गई। धरमजयगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर इस हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 08 सितंबर को घटना के संबंध में ग्राम जबगा के निवासी अरूण कुमार विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है, राज मिस्त्री राजू राय के पास 02 दिन काम किया गया जिसका पैसा लेना था जिसके लिए अपने साथी हेमसिंह बैगा (22 साल) के साथ 08 सितंबर को वार्ड क्रमांक 08 स्थित ज्ञानराम राजवाड़े के निर्माणाधीन मकान पर अपनी मजदूरी का पैसा मांगने राज मिस्त्री के पास गया था। इस दौरान राजू मिस्त्री और अन्य दो व्यक्ति (सनातन राय और सुमित चक्रवर्ती) से विवाद हुआ, जिसमें आरोपियों ने अरूण और हेमसिंह बैगा को गाली-गलौज कर हथ मुक्कों से मारपीट किये। मारपीट के कारण हेमसिंह बैगा गंभीर रूप से चोटें आई और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अरूण कुमार विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में धारा 103(1), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सिद्धांत तिवारी के निर्देशन में तुरंत कार्रवाई करते हुए धरमजयगढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों सनातन राय (30 वर्ष), सुमित चक्रवर्ती उर्फ मिथुन (20 वर्ष), और राजू उर्फ राजीव राय (22 वर्ष), निवासी ग्राम मेंढरमार दृ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# सीमेंट के बढते दामो को लेकर पुरे प्रदेश भर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर विगत दिनो सीमेंट के बढते दामो को लेकर पुरे प्रदेश भर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कडी में नगर के पढाव चैक में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य की भोली-भाली आमजनता को लूट रही है, जो विगत दिनों सीमेन्ट के दाम में 50रू. प्रतिबोरी की दर से की गयी वृध्दि से स्पष्ट हो गया है । वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रेत माफिओं का गुण्डाराज चल रहा है, चारो ओर लूट मची हुयी है, खनिज संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है और राज्य सरकार तमाशबीन बने हुए है। जिसके चलते मध्यम वर्गीय लोगो के लिए घर बनाना एक सपना बनते जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहें।

# धूम मची है विध्न विनायक की- बाराद्वार शहर में गणेश पूजा की है धूम



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

विध्न विनायक गणेश जी की पूजा अर्चना जहां पूरे देश भर में धूमधाम के साथ की जा रही है, तो वहीं बाराद्वार शहर की मारवाड़ी धर्मशाला में भी विगत 37 वर्षो से निरंतर गणेश जी की स्थापना कर भव्य रूप से प्रतिदिन पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन के कार्यक्रम किया जा रहे हैं, साथ ही इस अवसर पर जहां गणेश पंडाल के नजदीक मनोरम झांकियां भी श्रद्धालु भक्त जनों को आकर्षित कर रही है, तो वहीं बाराद्वार शहर में गणेश पूजा के अवसर पर रामायण, महाभारत के जीवंत दृश्य के साथ ही बारह ज्योतिर्लिंग को भी स्थापित किया गया है। तथा पूरे शहर में इन दोनों गणेश चतुर्थी के पर्व पर मेले से माहौल है,जिसमें मीना बाजार, झूले, खेल, तमाशा एवं मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध हैं, तथा शहर में चल रहे इस गणेश पूजा को देखने आसपास के क्षेत्र से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, तो वहीं गणेश पंडालो की सजावट भी देखते ही बन रही है, एवं गणेश पूजा के इस अवसर पर जहां प्रतिदिन प्रसाद का विवरण हो रहा है तो वहीं भजन कीर्तन एवं भगवान की भक्ति वाली गाने भी बजाए जा रहे हैं एवं इस वर्ष गणेश पंडालो की सजावट अपने आप में पूरे प्रदेश में अनूठी है, तथा शहर के प्रत्येक मोहल्लों में भी गणेश समितियां द्वारा गणेश जी की स्थापना की गई है। बाराद्वार शहर में गणेश पूजा के अवसर पर जहां शाम के समय चारों ओर आकर्षक झालरों की रोशनी से पूरा शहर सुसज्जित हो उठ रहा है, तो वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मेहनत मशक्कत करनी पड़ रही है, एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गो पर जहां पैदल ही लोग सह परिवार भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए निकल रहे हैं,तो वहीं चारों ओर भगवान की भक्ति में पूरा शहर डूब जाता है।

## सड़क किनारे पेट्रोल ले रहे युवक को बाईक सवार ने मारी जोरदार टक्कर

**रायगढ़।** सड़क किनारे दुकान से पेट्रोल ले रहे युवक को एचएफ डिलक्स मोटर सायकल चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनो की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केनापारा निवासी मोहन मालाकार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। कल वह अपने भतीजा टोपीधर के साथ बाईक क्रमांक सीजी 13 एन 4712 में सवार होकर किसी काम के सिलसिले में घरघोडा जाने के लिये निकला था।

# राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत पोषण के प्रति किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं और बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोषण माह अंतर्गत 06 सितम्बर को सेक्टर पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा जिले के आंगनबाड़ियों में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पोषण आहार, 36 प्रकार की भाजियों एवं उससे मिलने वाले पौष्टिक तत्वों के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं 07 सितम्बर को आंगनबाड़ी केन्द्रों में 06 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसी तरह 08 सितम्बर को छत्तीसगढ़ी व्यंजन व फ्ल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 09 सितम्बर को पोषण के प्रति जागरूक करने के साथ ही लोगों को रंगोली, चित्रकला, नारालेखन के माध्यम से जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत 30 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं और 03 से 06 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सेक्टर सुपरवाईजर, स्व सहायता समूह की महिलाएं, बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे।

## शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला जैजैपुर का औचक निरीक्षण

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला मे सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामकुमार साहू द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। शाला में निरीक्षण के दौरान गणवेश संबंधी जानकारी, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण की जानकारी प्राप्त किया गया। शाला में विद्यार्थियों से विषयात्मक गतिविधियों की जानकारी ली गयी।

शाला में अध्ययन अध्यापन में शैक्षणिक समस्याओं को शिक्षकों से प्राप्त कर उसके समाधान हेतु मार्गदर्शन किया गया। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करते हुए रसोईयों से चर्चा करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए साफएवं स्वच्छ भोजन तैयार करने हेतु निर्देशित किया और साथ ही आज के मध्यान्ह भोजन में स्वयं शामिल होकर भोजन किया। शाला के दैनन्दिनी रजिस्टर का अवलोकन किया गया। शिक्षकों को निर्देशित किया कि समय पर शाला खुलने का विशिष्ट ध्यान रखा जाए। शाला परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया।

# शास्त्रीय संगीत को जिंदा, जिंदगी भर रखना है : राकेश चौरसिया

### हर स्कूलों में संगीत का क्लास होना चाहिए

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में आयोजित ऐतिहासिक चक्रधर समारोह में शिरकत करने पहुंचे प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने मंगलवार की दोपहर एक होटल में पत्रकार से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने आज के दौर में भी शास्त्रीय संगीत को उपर रखने की बात कहते हुए हर स्कूलों में संगीत का क्लास होनें की बात कही। रायगढ़ जिले के रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक चक्रधर समारोह के चौथे दिन मुंबई के राकेश चौरसिया एवं साथी का बांसुरी एवं तबला वादन होगा। इस कार्यक्रम से पहले शहर के होटल अंश में राकेश चौरसिया ने मीडिया से चर्चा करते हुए प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने कहा कि आज चक्रधर समारोह में मेरा कार्यक्रम है। आप सभी निवेदन है कि आप सभी कार्यक्रम में जरूर आईये और शास्त्रीय संगीत का सपोर्ट करिये और सुनिये शास्त्र क्या कहना चाहता है। यह एक हेरिटेज म्यूजिक है, जिसे हमें जिंदा जिंदगी भर रखना है। हम हमारे आने वाली पीढ़ी और उनके आने वाली पीढ़ियों के लिये। राकेश चौरसिया ने कहा कि फ्यूजन और रिमिक्स के दौर में मै शास्त्रीय संगीत को उपर रखना चाहूंगा।

# साढ़े 3 करोड़ की ठगी को विदेश से अंजाम दिया, दुबई में 60 लाख निकाले, घर लौटे तो केरल से टीम ने दबोचा

- सिंगापुर से केरल पहुंचा आरोपी गिरफ्तार, दुबई से लौटने वाले मुख्य आरोपी की तलाश जारी
- सराफा कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर झांसा देकर दिया था ठगी को अंजाम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शेयर ट्रेडिंग के जाल में फांसकर करोड़ों की ठगी करने वाले ठग विदेशों में बैठकर इसे अंजाम दे रहे हैं। शहर के एक सराफा करोबारी से 3 करोड़ 40 लाख 95 हजार की ठगी के मामले में सायबर सेल और पुलिस की टीम ने गिरोह के एक सदस्य को केरल से गिरफ्तार किया है। वह कुछ समय पहले ही सिंगापुर से यहां लौटा है। जबकि मुख्य आरोपी की तलाश में एक टीम अब भी केरल में डेरा डाले हुए है। बताया जा रहा है कि जिस आरोपी की तलाश में टीम जुटी है वह दुबई से अपने घर लौटा है। पुलिस ने बताया कि, अंतर्राष्ट्रीय गिरोह ने बड़ी सफाई से पैसों को इधर-उधर किया है। 17 अगस्त को राहुल जैन ने बसंतपुर थाने में सूचना दी कि उसे बड़े फायदे का झांसा देकर www.triponfinance.com के माध्यम से पैसों का निवेश कराया गया। वह पहले वाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से गिरोह के संपर्क में आया था। जिसके बाद उन्होंने उक्त वेबसाईट के माध्यम से उससे निवेश करवाना शुरु किया। राहुल ने अलग अलग 8 बैंक खातों से कुल 3 करोड़ 40 लाख 95 हजार रुपए निवेश कर डाले। उसे गिरोह फर्जी तौर पर ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाता रहा। जबकि वह रकम अलग-अलग प्रदेशों और विदेश में आरोपियों द्वारा निकाली जा रही थी। जब राहुल ने पैसे निकालने की कोशिश की तब उसे इस फर्जीवाड़े का पता चला। ठगी के इस मामले की जानकारी मिलते ही सायबर सेल और पुलिस की टीम को एक्टिवेट किया गया। इंवेस्टिगेशन शुरु करते हुए पीड़ित द्वारा ट्रांसफर की गई रकम होल्ड करवाने की कोशिश की गई। तब उन खातों में 57 लाख 32 हजार 277 रुपए ही बरामद हुए। बैंक खातों की डिटेल्स, पैसों की विथड्रॉल लोकेशन और दूसरे अहम पहलुओं पर सायबर सेल ने पूरा जोर लगाया। मनी ट्रेल को इंविस्टेगेट करते हुए पता चला कि उत्तरप्रदेश, आसम और केरल में पैसे निकाले गए हैं। दुबई में भी 60 लाख की रकम डेबिट कॉर्ड से निकाली गई है। सबसे ज्यादा रकम केरले में निकाले जाने की जानकारी मिलते ही टीम केरल की ओर रवाना हुई। वहां से बैंक डिटेल्स से मिली जानकारी के आधार पर पीछा करते हुए टीम ने आरोपी आरोपी सहल शाह को केरल के मल्लपुरम इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से आरोपी सहल शाह के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फेडरल बैंक का एटीएम कार्ड, फेडरल बैंक का पासबुक, 01 नग मोबाईल फोन बरामद किया है।

### दुबई से आकर केरल में छिपा, तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि एक अंतर्राष्ट्रीय आरोपी जो सिंगापुर से अपने घर केरल आया था को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। साईबर सेल की 01 टीम अभी भी केरल में है जो साईबर फ्रॉड के अन्य 01 आरोपी जो दुबई से केरल पहुंचा है की सरगरमी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरोह ने पीड़िता से हासिल रकम को दर्जनों खातों में हस्तांतरित किया है। आरोपी सहल ने एटीएम कार्ड से ही पैसे निकाले हैं। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 318(4), 3(5) बी.एन.एस. एवं 66-डी आईटी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है।

# पीडब्ल्यूडी की स्तरहीन कार्यशैली से स्टेटहाइवे में गड्ढे

## स्टेटहाइवे में जंगलपुर के समीप पत्रकार दुर्घटनाग्रस्त

- प्रेस क्लब डोंगरगांव के पत्रकारों ने पहुंचाया हॉस्पिटल

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राजनांदगाँव से मानपुर तक स्टेटहाइवे अपने अस्तित्व के बुरे दौर से गुजर है। इस सड़कमार्ग में सफर करने वाले भी बुरे दौर से गुजर रहे हैं। दरअसल 2 जिले सहित 2 राज्यों को जोड़ने वाले इस 100 किमी के स्टेट हाइवे में 100 से भी अधिक जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। सर्वाधिक बुरा हाल राजनांदगाँव से डोंगरगांव के मध्य सड़कमार्ग का है। अत्यधिक ब्रेकर से हलाकान राहगीर अब स्टेटहाइवे के गड्ढों से हताहत हो रहे हैं। गत दिनों एक पत्रकार सपत्निक गड्ढे में दुर्घटना का शिकार हो गया।

दरअसल डोंगरगांव नगर मेनरोड में फोरलेन में बगदई पुल से मोहड़ चौक तक निर्माणाधीन फोरलेन के अलावा डोंगरगांव नगर से जंगलपुर नाला तक सर्वाधिक जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। गत दिवस ही डोंगरगांव नगर के पत्रकार घनश्याम साव अपनी पत्नी लोकेश्वरी साहू के साथ राजनांदगांव अस्पताल से ईलाज कराकर मोटरसायकिल से वापस घर वापसी दौरान जंगलपुर नाला में बने जानलेवा गड्ढे में दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। इससे उनके दोनों घुटनों और हथेलियों में गहरी मार लगी है। वहीं उनकी पत्नी की आंख के नीचे में गहरी चोंट आई है।

### पुलिस व पत्रकारों ने पहुंचाया अस्पताल

देर शाम जंगलपुर समीप घायल दंपत्ति को घटना स्थल से एक पुलिस आरक्षक तथा प्रेस क्लब डोंगरगांव के पत्रकारों ने वाहन व्यवस्था कर अस्पताल दाखिल कराकर उपचार कराया। इस घटना के बाद पत्रकार व उनकी पत्नी को लंबे अवकाश में जाना पड़ गया है। उल्लेखनीय है कि अकेले डोंगरगांव नगर की निर्माणाधीन फोरलेन में ही अब तक 4 मौतें हो चुकी हैं। वहीं अब तक 2 दर्जन राहगीर जख्मी हो चुके हैं।

### संकेतक व मवेशी हटाने की दरकार

उल्लेखनीय है कि स्टेटहाइवे में डोंगरगांव नगर से एबिस फैक्ट्री तक पर्याप्त संकेतक का अभाव है। वहीं अर्जुनी जंगलपुर तक तो मानो पीडब्ल्यूडी का अंधेरा कायम है। वहीं डोंगरगांव नगर से राजनांदगाँव तक ब्रेकर तो हैं, परन्तु संकेतक के अभाव में खतरनाक बने हुए हैं। ऐसे में स्टेटहाइवे में आवारा मवेशियों को लेकर जिला प्रशासन को सख्त कदम उठाने की दरकार है।

# सब्जी को लेकर हुए झगड़े के बाद शराबी भाई का गला घोंटा

## पीएम रिपोर्ट में हुआ हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अधिक शराब सेवन के बाद अस्पताल दाखिल किए युवक की मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर शुरु की गई जांच में युवक की हत्या की पुष्टि हुई है जो कि उसके भाई ने ही की थी।

छुरिया पुलिस के मुताबिक 14 जुलाई को खेमू साहू निवासी छुरिया को अत्यधिक शराब पीने के बाद शरीर में कोई हलचल न होने पर छुरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरु की। इस बीच पीएम रिपोर्ट में मृतक का गला दबाए जाने से मौत की पुष्टि डॉक्टरों ने की।

पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई। आरोपी महेंद्र साहू ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। आए दिन शराब पीकर घर में विवाद करता था। खाने में कमियां निकालता था और उसे फेंक देता था। घटना के दिन भी घर में चिकन बना था। जब नशे में खेमू घर पहुंचा तो वह मटन की मांग करते हुए घर में विवाद करने लगा। आरोपी के साथ भी मृतक का विवाद हुआ था। इस बात को लेकर महेंद्र गुस्से में था।

उसने बताया कि जब घर में कोई नहीं था तब मृतक अपने कमरे में शराब के नशे में मौजूद था। इस दौरान आरोपी ने हाथ मुक्के से मृतक के सीने में एवं गले में वार किया और गमछे से गला दबा दिया। घर वालों को भी उसने इसकी भनक नहीं लगने दी। वे अधिक शराब पीने से ही मृत्यु होना समझ रहे थे। पुलिस ने आरोपी को धारा 103 (1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गणेश पंडालों में स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलाई गई

## भिलाई-चरौदा निगम के स्वास्थ्य विभाग का प्रयास, शहर को सुंदरता और सफाई में दे सभी अपनी योगदान

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से लोगों को सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिससे जहां एक ओर जन मानस में इस भावना का प्रचार-प्रसार होता है कि हमे अपने क्षेत्र को कॉलोनी को और अपने नगर को सुंदर स्वच्छ बनाये रखना है । वही इससे संक्रामक रोगों के पनपने की परिस्थितियों को भी टालने में सहायता मिलती है। क्योकिं गंदगी से ही सारी बीमारियों की शुरूआत होती है, इसलिए स्वच्छता का कोई विकल्प नही है। इसी उद्देश्य के साथ भिलाई-03 और चरौदा में अलग-अलग स्थानों पर गणेश पंडालों में आये हुए लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाने का काम निगम की टीम द्वारा किया जा रहा है। हम अपने शहर को साफरखेगे, कभी भी कही भी कचरा सड़क पर या खुले में नही फेकेंगे और ऐसा करने वालो को भी गंदगी फैलाने से रोकेगें।

इस भावना को जन जन तक पहुंचाने लोगो की सहभागिता के साथ शपथ करायी जा रही है।

### गुम बैग मिलने से युवती के चेहरे पर आयी खुशीयां

**भिलाई-3।** ग्राम घुघुवा की रहने वाली सविता भारती पिता शिवकुमार भारती उम्र 25 साल का भिलाई 03 मार्केट से आटो में बैठकर सिरसागेट के पास उतरी और आटो में ही अपना बैग भूल गयी थी जिसमें स्कूल के मार्कशीट, आधार कार्ड, ए.टी.एम. कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति थी, याद आने के बाद अपनी बैग के बारे में भिलाई 03 एवं चरोदा जाकर पता तलाश की किन्तु बैग नही मिलने पर दिनांक 06.09.2024 को थाना पुरानी भिलाई पहुंचकर सूचना दी थी जिस पर थाना प्रभारी पुरानी भिलाई के निर्देशन पर लगातार युवती के गुम बैग को पता किया जा रहा था।

# फेडरेशन के आव्हान पर राजनांदगांव में मशाल रैली का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर लेकर रहिबो लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो अब नई सहिबो अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है। कर्मचारी एवं अधिकारियों ने 11 सितंबर को जिला कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होकर मशाल रैली एवं प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार हमर सुनव सरकार आंदोलन का घोषणा किया है। चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि मोदी की गारंटी भाजपा का घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

# बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने डबल इंजन सरकार को घेरा

## सीमेंट की मूल्य वृद्धि भाजपा सरकार की खुलेआम लूट : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि डबल इंजन सरकार से रेत, सरिया व सीमेंट के दामों में भारी उछाल आया है। विष्णुदेव सरकार के टैक्स से सीमेंट में आया भूचाल, जिस कारण अब मकान बनाने का सपना सिर्फ सपना बनाकर रह जाएगा। भाजपा सरकार के संरक्षण में सीमेंट कंपनियों द्वारा सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रतिबोरी की दर से वृद्धि कर दी है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में रेत माफ्यिाओं का गुण्डाराज चल रहा है, चारों ओर लूट मची हुई है। खनिज संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है। उक्त उदगार एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने कही। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। पहले केन्द्र की मोदी सरकार 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब साय सरकार के संरक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। गुरूवार को महावीर चौक में कांग्रेसियो ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को जमकर लताड़ लगाई व जल्द से सीमेंट के बढ़े दाम पर लगाम लगाते हुए जल्द से जल्द कम करने की बात कांग्रेसजनों ने कही। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने डबल डंजन सरकार की करनी और कथनी को उजागर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 09 माह की भाजपा सरकार प्रदेशवासियों के साथ-साथ अपने ही सांसदों से से विश्वास खो चुकी है। प्रदेश में बिजली का बिल दुगुना हो चुका है और अब सीमेंट की कीमतें बढ़ाकर चारों तरफसे महंगाई की मार जनता पर पड़ रही है। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पूर्ववती हमारी कांग्रेस सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित संरक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है, जनता को लुटने का कोई कसर डबल इंजन की सरकार नहीं छोड़ रही है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पटरी पर तो सही नहीं चल रही है किन्तु लूटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने मोदी व विष्णुदेव सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब हमारे प्रदेश में तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला, जमीन, बिजली हमारी है और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए मजबूर कर रही है ये कहां का न्याय है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्रवाई पर जताई आपत्ति, साहू परिवार ने दस्तावेज लहराकर दर्ज किया विरोध

# प्रशासन ने निर्माणाधीन मकान पर चलाया बुलडोजर

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के एकमात्र कालेज के सामने निर्माणाधीन मकान को प्रशासन ने जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया है। तहसीलदार राजस्व टीम व बुलडोजर लेकर निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त करने पहुंचे थे। हालांकि निर्माणकर्ता साहू परिवार ने जमीन का दस्तावेज लहराते हुए विरोध प्रकट किया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई ने भी कार्रवाई पर तहसीलदार के समक्ष आपत्ति जताई। अंततः प्रशासन ने उक्त निर्माण को अवैध करार देते हुए जेसीबी मशीन से ढहा दिया। प्रशासन से आधिकारिक जानकारी मुताबिक निर्माणकर्ता साहू परिवार को पूर्व में 0.6 डिसमिल भूमि का पट्टा हासिल है। उक्त जमीन पर साहू परिवार मकान बनाकर काबिज है। पट्टाधारी पोखराम साहू के द्वारा अपने मकान के सामने पूर्व दिशा मे सड़क मार्ग की ओर एक अन्य मकान का निर्माण किया जा रहा था। इस निर्माण को लेकर शिकायत की गई थी। प्रशासनिक पड़ताल में निर्माणाधीन जमीन का कोई दस्तावेज नहीं होने से तहसील न्यायालय ने निर्माण को अवैध निरूपित कर निर्माण के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी किया था। उपरांत न्यायालय तहसील ने बेदखली का आदेश जारी किया। इस आदेश के प्रतिपालन में अवैध कब्जा ढहाने की कार्रवाई की गई। हालांकि प्रभावित साहू परिवार की सूचना पर मौके में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई पहुंचे थे। उन्होंने तहसीलदार पीएल नाग को साहू परिवार की वर्तमान परिस्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई नही करने अर्जी की। अंततः प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई से प्रभावित साहू परिवार की बुजुर्ग महिला अपने बेटे के साथ निर्माण संबंधी दस्तावेज लहराते हुए प्रशासन से किला लड़ाते नजर आए। अंततः कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाने की बात प्रभावित साहू परिवार ने मीडिया से कही है। कार्रवाई दरम्यान राजस्व निरीक्षक कौशल सिन्हा व पटवारी अजय राणा सहित पुलिसबल मौजूद थे।

> साहू परिवार द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। शिकायत पर प्रक्रियानुसार निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया।
>
> **पीएल नाग, तहसीलदार**

> पट्टाधारी अपने मकान के सामने रिक्त भूमि में निर्माण किया जा रहा था। प्रशासन ने सत्ता सरकार के दबाव में दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की है।
>
> **हीरा भाई, नपंअध्यक्ष**

### नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण 47 ग्रामों की पानी सप्लाई रहेगी बंद

**राजनांदगांव ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित हो रहे धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत शिवनाथ नदी स्थित इंटेकवेल में बाढ़ का पानी आ जाने के कारण राजनांदगाव विकासखंड के 47 ग्रामों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। पानी की सप्लाई नहीं होने की सूचना संबंधित गांव के सभी सरपंचों को विभाग द्वारा दी जा चुकी है। नदी का जल स्तर कम होने पर पुनः सप्लाई निर्बाध रूप से यथावत रहेगी।

### परीक्षा केंद्र के लिए परिवर्तित मार्ग का इस्तेमाल

**मोहला।** व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाली छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 15 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत 19 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विगत दिनो भारी वर्षा के कारण पुलिया क्षतिग्रस्त होने के चलते जिले के मानपुर-औंधी क्षेत्र के परीक्षार्थी खड़गांव परीक्षा केन्द्र जाने के लिए परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर खड़गांव परीक्षा केन्द्र जा सकते है।

### जिला सहकारी बैंक की वार्षिक साधारण सभा 16 को

**राजनांदगांव।** अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन सिंह बघेल की अध्यक्षता में 16 सितम्बर 2024 दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में संबंधितों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### मैनुअल स्कैवेंजर्स समिति की बैठक 23 को

**राजनांदगांव।** मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत 23 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 49 में आयोजित की गई है। बैठक में मैनुअल स्कैवेंजर्स समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### 20 को पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष लेंगे बैठक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 20 सितम्बर 2024 को सुबह 10.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग के भागीदारी की समीक्षा व चर्चा की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 5 पदों पर होगी भर्ती आवेदन 19 सितंबर तक

**खैरागढ़।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ के अंतर्गत, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। परियोजना खैरागढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 5 पद रिक्त हैं।

इसके अंतर्गत आंगनबाडी सहायिका के लिए बरपेलाटोला, परसाही, कटेमा, बोरला,मौहाढार में भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन 4 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी खैरागढ़ में स्वयं, प्रतिनिधि भेजकर या डाक द्वारा जमा कर सकते है, आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि के बाद के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

# मनोरा विकासखंड का खूटापानी ग्राम पंचायत... सरपंच की शिक्षा अटल यूनिवर्सिटी से वकालत में मास्टर, गांव में चहुमुंखी विकास

## बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, सामुदायिक भवन, रंग मंच और मोबाइल टॉवर सभी उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत देश गांवों का देश है। यहां की 75 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। देश की आत्मा गांव में रचती बसती है। खेत खलिहान और हरियाली यही देश की पहचान है। यही वजह है कि देश में सशक्त ग्राम पंचायत बनाया गया ताकि विकास जमीन से होकर बाहर तक पहुंचे तभी देश की तरक्की संभव है। देश को आजाद हुए 78 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कई गांव कई मूलभूत सुविधाओं से अबतक वंचित है। लेकिन कुछ ग्राम पंचायत ऐसे भी हैं जो अपने प्रदेश के साथ-साथ देश में एक मिसाल पेश कर रहे हैं। पायनियर की पंचायत सीरिज में जशपुर जिले के पंचायतों के विकास की हकीकत जो देखा सो लिखा कि तर्ज पर पाठकों तक पहुंचाई जाएगी। पहली कड़ी में मनोरा विकासखंड के खूंटापानी ग्राम पंचायत के विकास की तस्वीर सामने रखने का प्रयास किया जा रहा है।

**पायनियर**
**पंचायत सीरिज**

### पेयजल के लिए सोलर बोर



खूंटापानी के सरपंच परेश्मवर भगत ने बताया कि पहले ग्रामीण 1 किलोमीटर दूर लोग ढोढ़ी से पानी लाया करते थे। सोलर बोर लग जाने से उनकी यह समस्या दूर हो गई।

### बेहतर सीसी रोड का निर्माण



ग्राम पंचायत के सभी टोला पारा में सीसी रोड का बेहरत निर्माण कराया गया है। बारिश के दिनों में कीचड़ से लतपथ होकर घर पहुंचने की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिल गई है।

### हाई मास्ट से रोशन चौक-चौराहे



गांव की खूबसूरती वहां की सड़कों के साथ ही बिजली व्यवस्था से झलकती है। खूटापानी गांव के भीतर चौक-चौराहों में 9 हाई मास्ट बिजली के सोलर लाइट लगाए गए हैं जिससे गांव की खूबसूरती झलकती है।

### मोबाइल टॉवर लगाया गया



गांव की समस्या को दूर करने के लिए सबसे अधिक मोबाइल की जरूरत पड़ती है। एम्बुलेंस गांव में बुलाने से लेकर पीडीएस का ऑनलाइन राशन लेने और अन्य जरूरी शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता पड़ती है। यहां बीएसएनएल का टॉवर भी स्थापित कराया गया है।

### सरपंच की शिक्षा एक नजर में



ग्राम पंचायत खूंटापानी के वर्तमान सरपंच परमेश्वर भगत 5 वीं और 8 वीं कक्षा प्राथमिक शाला शैला मनोरा विकासखंड से हासिल किया। उसके बाद वर्ष 1993 में10 वीं और 1995 में 12 वीं मॉडल स्कूल जशपुर में पूरा किया। 1998 में भोपाल के हमीदिया कॉलेज से बीकॉम और 2000 में एमकॉम की डिग्री ली। हमीदिया कॉलेज के प्रेसिडेंट भी रहे। इसके बाद 2003 में एलएलबी गवर्नमेंट स्टेट लॉ कॉलेज भोपाल, एलएलएम अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी इन्वर्सिटी भोपाल, पढ़ाई पूरी की। एक साल सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्त । थे नितिन व्यास के अंदर काम करते थे। 2004 से 5 सिविल जज का इंटव्यू तक पहुंचा लेकिन 1 नम्बर के लिए चूक गए।

### आयुष्मान मंदिर

मरीजों के इलाज के लिए गांव में आयुष्मान मंदिर स्वास्थ्य केंद्र स्थित है। मौसमी बिमारियों के इलाज के लिए किसी को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है।



### सामुदायिक शौचालय का उपयोग



स्वच्छ भारत मिशन के तहत देशभर में खुले में शौच मुक्त गांव का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत खूंटापानी में निजी शौचालयों के साथ सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण कराया गया जिसका उपयोग महिला और पुरूष सभी के द्वारा नियमित किया जा रहा है।

### स्कूल से लेकर सभी मूलभूत सुविधां

ग्राम पंचायत में गोठानों का निर्माण कराया गया जिसमें बकरी सेड, मुर्गी सेड वर्किंग सेड, तालाब, बोर खनन, पशुओं के चारा गाह, विधुतीकरण कराया गया। नालियों का निर्माण, सोख्ता गड्ढा का निर्माण। सामुदायिक शौचालय व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कराया गया। और पंचायत के अंतर्गत शासकीय बिल्डिंग उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला हाई स्कूल, आंगनबाड़ी पंचायत भवन आदि भवनों का मरम्मत और नया भवन निर्माण कराया गया। इसके साथ ही टेप नल कनेक्शन पूर्ण रूप से किया गया। जल नल योजना के तहत पंचायत के अंतर्गत सभी गाओं में बोर खनन पाइप लाइन बिछाकर घर घर नाल पहुंचने का काम किया गया।

# वृक्ष मित्र चूरण लाल साहू को मिला समाज गौरव सम्मान

- विश्व तेली दिवस पर जिला साहू संघ कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारो आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम गुजरा निवासी चूरण लाल साहू को विश्व तेली दिवस की अवसर पर जिला साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वृक्षमित्र चूरन लाल साहू को पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संवर्धन के उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला साहू संघ धमतरी के द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया। ज्ञात हो कि चूरण लाल साहू जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू के सुपुत्र है, उनको यहां सम्मान देते हुए सभी समाज जनो, शुभचिंतकों ने अत्यंत हर्ष होकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की। चूरन लाल साहू ने समाज के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए बताया कि मैंने लगभग पिछले 14-15 वर्षो मे क्षेत्र की विभिन्न गांव के



स्कूलो,अस्पताल, तालाब पार्, मंदिर परिसर, शासकीय भवनों के परिसर, घास जमीन आदि अनेक जगहों में लगभग 2000 से अधिक पौधो रोपण कर उनके देखे रेख किया। जिसमे सत प्रतिशत पौधा जीवित है एवं बडे.बडे पेडो का आकार ले चुका है इसके अलावा लोगों को लगभग 5000 से अधिक पौधे का निशुल्क वितरण भी किया है। यह कार्य निरंतर 14 वर्ष की उम्र से शुरू है। उन्हें पेड़.पौधो से बहुत लगाव है एवं वे प्रकृति प्रेमी है । वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा.भरा बनाना, स्वच्छ.सुंदर बनाना एवं लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना उनका प्रमुख उद्देश्य है। ग्राम गुजरा के श्रीराम उपवन एवं हरित सरोवर निर्माण में उनका विशेष योगदान है, जिसमें लगभग 1200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार, औषधीय एवं शोभायमान पौधे लगे हुए है।वे गायत्री परिवार के युवा परिजन है,इस वृक्षारोपण कार्य में उन्हें गायत्री परिवार का भरपूर सहयोग मिला है। उन्हे वृक्षारोपण कार्य के लिए घर.परिवार एवं गांव के लोगों ने भरपूर सहयोग एवं प्रोत्साहित किया। उन्हें वृक्षारोपण कार्य के लिए गायत्री परिवार, ग्राम पंचायत ,स्कूलो द्वारा एवं साहू समाज ने सम्मानित किया है।

# लंबी दूरी की नाइट बसों में अनिवार्य रुप से 2 चालक रखें व मेडिकल जांच भी कराएं, मीटिंग में बोले एएसपी सोनी

## बस संचालकों/एजेंटों की मीटिंग लेकर आवष्यक दिशा-निर्देश दिया गया



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एएसपी अनिल सोनी और एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा ने पुलिस कार्यालय सभागार में जशपुर के बस संचालकों/एजेंटों की मीटिंग ली। सुरक्षा मानकों एवं यातायात नियमों का पालन करने निर्देश दिया गया।

### शौचालय दूर से दिखे

मीटिंग में बस संचालकों/ एजेंट से यात्रियों के सुरक्षा और सुविधा के संबंध में सुझाव भी आमंत्रित किया गया, जिस पर संबंधित विभाग/ एजेंसी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई कार्यवाही करने की बात कही गई। बस स्टैंड में पार्किंग/शौचालय छिप जाता है इस रूट को क्लियर एवं दृष्यमान रखने के लिए कहा गया।

### हेल्पलाईन नंबर लिखें

बस के प्रवेश द्वार में ही महिला हेल्पलाईन नंबर, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर, आपातकालीन नंबर एवं पुलिस अधिकारियों सहित पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर अनिवार्य रूप से चस्पा करने हेतु कहा गया ताकि विषम परिस्थिति में आमजन को तत्काल सुविधा मिल सके।

**ये रहें उपस्थित**-उक्त मीटिंग में एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, निरीक्षक रविशंकर तिवारी एवं बस संचालक प्रदीप गुप्ता, सुनील मिश्रा, नंदकिशोर गुप्ता, सुमित सोनी, नंद कुमार सिंह, मो. नासिम अली, योगेश सिंह, शंकर गुप्ता, मो. अफताब हुसैन, मो. जुनैद आलम, मो. अब्दुल सरवर, राहुल चैरसिया, अमरदीप कुजूर इत्यादि उपस्थित रहे।

### जरूरी सामान रखने के निर्देश

बस संचालकों को यातायात नियमों का समुचित पालन करने हेतु कहा गया, उनके वाहनों में फर्स्ट एड किट, सीपीआर देना, फायर इंस्टीगुसर अनिवार्य रूप से रखने के लिए कहा गया एवं इसके संचालन के लिये अग्निशमन विभाग से मिलकर प्रशिक्षित किया जाएगा। वाहन में कार्य कर रहे कर्मचारियों का समय-समय पर नेत्र परीक्षण, मेडिकल चेकअप भी कराया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि बस में चलने वाले स्टाफयात्रा के दौरान नशापान न करें।यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखें। लंबी दूरी वाले बसों में अनिवार्य रूप से 02 ड्राईवर रखने के लिए कहा गया। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, समय समय पर वाहन का फिटनेस कराएं।

# भगवान श्री गणेश जी की भक्ति में उमड़े श्रद्धालु गणेश झांकी देखने भक्तो की उमड रही भीड़


पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में गणेशोत्सव का हर्षोल्लास छाया हुआ है। हर वर्ग भगवान श्री गणेश जी की भक्ति में पूरी आस्था व निष्ठा के साथ जुटकर जनकल्याण की कामना में अर्जी लगा रहे है। ग्यारह दिनों तक मनाए जाने वाले मंगलमूर्ति गणपति बप्पा जी के इस उत्सव में सभी जन लंबोदर महाराज की पूजा.अर्चना करते हुए पूरी आस्था के साथ पूजन कार्य कर रहे है। देवों में पहले पूजे जाने वाले गौरी के लाला श्री गणेश जी प्रतिवर्ष हर घर मे पधारकर लोगों को खुशहाली रूपी शुभाशीष देकर जाते है। मूषक पे विराजे बप्पा की भक्ति से समूचे वातावरण में गणेश जी की भक्ति की अविरल धारा से सराबोर हो जाता है। धमतरी नगर के हटकेशर वार्ड में बिरेन्द्र महिलांग, लेखराज महिलांग व रूद्री में मयंक केशरवानी भी अपने परिवार के साथ श्री गणेश जी की पूजा.अर्चना में लगे हुए है उनके निवास में भी पूर्ण विधिविधान के साथ गणपति गणराज जी विराजे गए है। सभी जनों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाई देते हुए पर्व की महत्ता का वर्णन कर उन्होंने बताया कि कोई भी कार्य शुरू करने से पहले श्री गणेश जी की पूजा की जाती है। बप्पा गणों के स्वामी हैं, इस वजह से उनका एक नाम गणपति भी है। गणेश चतुर्थी को विनायक चतुर्थी भी कहते हैं। गणेश जी को विद्या.बुद्धि का प्रदाता, विघ्न.विनाशक और मंगलकारी भी माना गया है। गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है, किन्तु महाराष्ट्र में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन श्री गणेश जी का जन्म हुआ था।

# आत्मा का हमे ध्यान रखना चाहिए, यही हमारी वास्तविक पूंजी है : प.पू.विशुद्ध सागर जी

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि अगर अपने शुद्ध स्वरूप को प्राप्त करना है तो पहले अपने शुद्ध स्वरूप को जानना होगा। हमारा शुद्ध स्वरूप अजर अमर और अविनाशी है। हम संसार में सुख खोजने का प्रयास करते है इसीलिए हमेशा दुखी रहते है। अब शाश्वत सुख को पाने का प्रयास करना है तो संसार को छोड़कर अपनी आत्मा के शुद्ध स्वरूप को जानने का प्रयास करना होगा। ये संसार जो मेरे बारे में कभी नही सोचता मेरी कभी चिंता नही करता और मैं अज्ञानी हमेशा उस संसार की चिंता करता हू। जबकि मेरी आत्मा जो हमेशा मेरे विकास की चिंता करती है मैं उसे ही भूल गया हू। अब अपने आत्मा के वास्तविक स्वभाव को जानना है। मेरी आत्मा सहजानंदी है। आत्मा के शुद्ध स्वरूप को जानने के लिए मोह को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि हमारा मोह ही हमे सांसारिक कार्यों में खींच कर ले जाता है। हमारा मोह ही हमे संसार छोड़ने नही देता। इस मोह को छोड़कर हम शुद्ध, बुद्ध और मुक्त हो सकते है। इस मोह को छोड़कर हम पुरुषोत्तम बन सकते है संसार में पूज्यनीय बन सकते है। हमे सत्य को जानकर और उसे जीवन में उतारकर आत्मा का विकास करना है। कई बार हमारी द्रव्य क्रिया के भाव में अभाव हो जाता है तो हम अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो जाते है। परमात्मा ने चार प्रकार के धर्म बताए है। दान, शील, तप और भाव। दान - दान करते करते संसार के सभी जीवों पर अपनी दया बढ़ाना। शील - शीलधर्म का पालन करते करते संसार में जो अभी तक न आ पाए है ऐसे जीवों पर दया करना, तप- तप दो प्रकार के होते है। बाह्य तप और अंतरण तप, बाह्य तप - इरादे पूर्वक वस्तुओ का त्याग करना बाह्य तप कहलाता है,अंतरण तप - क्रोध, मायाचारी, मान, लोभ आदि का त्याग करना, भाव -भावों से दूसरो को सुखी करने का प्रयास करना। क्योंकि मेरा भाव ही मेरे सुख दुख का प्रमुख कारण होता है। दान, शील और तप धर्म के साथ यदि शुद्ध भाव न हो तो तीनों धर्म व्यर्थ है। इसीलिए भावों में हमेशा शुद्धता होनी चाहिए। हमारे कार्यों के साथ भावों की शुद्धता हमे वांछित परिणाम प्राप्त करा सकता है। द्रव्य से धर्म करते समय भावो का अभाव कभी नही होना चाहिए।

## भाजपा सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं का विस्तार और प्रदेश का विकास है : भावना बोहरा

# विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया एवं पांडातराई को मिली 5.40 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहें हैं। इसी कड़ी में पंडरिया और पांडातराई शहर के सौन्दर्यीकरण एवं वहां मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु वर्षों से चल रही मांग आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पूरी हो रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद् पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई के सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास हेतु 5 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इसमें नगर पालिका परिसद पंडरिया के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना, मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु 3 करोड़ रुपए एवं नगर पंचायत पांडातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विदित हो की पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र के माध्यम से पंडरिया एवं पांडातराई शहर के विकास व सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, जनता की मूलभूत सुविधाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया था। उनके प्रस्ताव और जनता के हित को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज 5 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि को पंडरिया एवं पांडातराई क्षेत्र के विकास हेतु स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विकास कार्यों के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है जिसके लिए भावना बोहरा ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि



विगत पांच वर्षों में कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त होकर प्रदेश की जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया वह विश्वास अब क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के रूप में जन-जन तक पहुँच रहा है। मैनें हमेशा ही जनसेवा और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के साथ जनता की सुविधाओं और क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने का हमेशा प्रयास किया है। यह जो विकास की सौगात मिली है वह भी जनता के सुझाव से ही मिले हैं, क्षेत्र की जनता से जब भी संवाद होता है तो मैनें हमेशा उनके सुझाव को प्राथमिकता से सुना है और उसपर अमल करने का प्रयास किया है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे क्षेत्रवासियों में भी खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ें थे, जनता को मूलभूत सुविधाएँ नहीं मिल रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से पंडरिया विधानसभा की जनता को लाभ मिलेगा। विकास का संकल्प और जनहित के लक्ष्य के साथ प्रगति पथ पर प्रशस्त पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास कार्य, अधोसंरचना के निर्माण कार्य जन आकांक्षाओं को पूरा कर रहें हैं। कांग्रेस के शासन काल में केवल भ्रष्टाचार हुए, जनता के अधिकारों का हनन किया गया और योजनाएं केवल सरकारी कागजों तक सिमित रहीं। लेकिन आज डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में शासकीय योजनाएं जमीनी स्तर पर दिख रहीं हैं, भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसान हित में निर्णय लिया गया, आवास विहीन 8 लाख से अधिक परिवारों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, ऐसे कई योजनाएं एवं निर्णय हैं जिनसे छत्तीसगढ़ की दशा एवं दिशा को बदलने का काम भाजपा सरकार कर रही है। मैं समस्त पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को इस विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई देती हूँ।

# रंगारंग कार्यक्रमो के आयोजन से भक्तिमय वातावरण बनता है जो आपसी तालमेल को दर्शाता है : जगदीश रामू रोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



आस्था नवयुवक गणेशोत्सव समिति ग्राम डोंडकी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर बारुका का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम रामु जगदीश रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा छत्तीसगढ के मुख्यआतिथ्य एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिन्हा के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शुभारम्भ अवसर को सम्बोधित करते हुए रामू जगदीश रोहरा ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बनता है जो हमारे समाज के आपसी तालमेल में उत्तरोत्तर वृद्धि करता है आज युवा नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है इन आयोजनों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण है इस स्थिति को निरन्तर होना चाहिये आगे उपस्थित जनो को आश्वस्त किया कि साय सरकार ने चुनाव से पहले जो भी वादे किये हैं सभी पूरे होंगे। थोडा धैर्य रखें क्षेत्र के विकास के लिये खुद को प्रतिबद्ध बताया और युवाओं को सफल आयोजन की बधाई सम्प्रेषित की विशिष्ट अतिथि प्रियंका सिन्हा ने युवाओं को किसी भी क्षेत्र के विकास की धुरी बताया आगे बच्चों के शिक्षा में माताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण कहा कि कोई भी सफल व्यक्ति मां की गोद मे खेलकर ही बडा बनता है अतः माताएं समाज का सबसे बडा अंग हैं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जनों में प्रदीप सिन्हा, राजीव सिन्हा,नरेन्द्र साहू, धानु सिन्हा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403